माघ शुक्ल - 3 ▪ संवत 2080 ▪ वर्ष - 19 ▪ अंक - 170 ▪ पृष्ठ - 8 ▪ रु. 5/- बेंगलूरु » रविवार » 14-01-2024 ▪ www.dakshinbharat.com ▪ Email : news@dakshinbharat.com

# दक्षिण भारत राष्ट्रमत

ದಕ್ಷಿಣ ಭಾರತ ರಾಷ್ಟ್ರಮತ | ಹಿಂದಿ ದಿನ ಪತ್ರಿಕೆ | बेंगलूरु और चेन्नई से एक साथ प्रकाशित





5 विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' अहंकार, अभिमान से प्रेरितः अनुराग ठाकुर

6 मेजर अनुराग श्रीवास्तवः शेर की तरह लड़कर भारत मां के लिए बलिदान हुए थे 'शेरी'

7 हिंदू विरोधी परंपरा कांग्रेस के डीएनए में है : गिरिराज सिंह




## फर्स्ट टेक

### नौसेना के चीता, गुलदार और कुंभीर युद्धपोत सेवामुक्त

**नई दिल्ली/एजेन्सी।** भारतीय नौसेना के युद्धपोत चीता, गुलदार और कुंभीर को राष्ट्र की चार दशकों तक गौरवशाली सेवा के बाद सेवामुक्त कर दिया गया। रक्षा मंत्रालय ने शनिवार को बताया कि इन जहाजों को कार्य मुक्त करने का कार्यक्रम शुक्रवार को पोर्ट ब्लेयर में एक पारंपरिक समारोह में आयोजित किया गया था, जिसमें सूर्यास्त के समय राष्ट्रीय ध्वज, नौसेना पताका और तीन जहाजों के डीकमीशनिंग प्रतीक को अंतिम बार नीचे उतारा गया। आईएनएस चीता, गुलदार और कुंभीर को पोलैंड के ग्डिनिया शिपयार्ड में पोल्नोक्नी श्रेणी के ऐसे जहाजों के रूप में तैयार किया गया था, जो टैंकों, वाहनों, कार्गो तथा सैनिकों को सीधे कम ढलान वाले समुद्र तट पर बिना गोदी के पहुंचा सकते थे।

### प्रख्यात शास्त्रीय गायिका प्रभा अत्रे का निधन

**पुणे (महाराष्ट्र)/भाषा।** प्रख्यात शास्त्रीय गायिका डॉ. प्रभा अत्रे का यहां उनके आवास पर दिल का दौरा पड़ने से शनिवार को निधन हो गया। वह 92 वर्ष की थीं। उनके करीबी सूत्रों ने यह जानकारी दी। हिंदुस्तानी शास्त्रीय संगीत के किराना घराने का प्रतिनिधित्व करने वाली अत्रे को भारत सरकार ने तीनों पद्म पुरस्कारों से सम्मानित किया था। एक सूत्र ने कहा, अत्रे को उनके आवास पर सोते समय दिल का दौरा पड़ा। उन्हें शहर के कोथरूड इलाके में एक निजी अस्पताल ले जाया गया जहां उन्हें सुबह पांच बजकर 30 मिनट पर मृत घोषित कर दिया गया।

### 'ऑपरेशनल टास्क' के दौरान जवान शहीद

**श्रीनगर/भाषा।** जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के समीप एक अग्रिम इलाके में 'ऑपरेशनल टास्क' के दौरान 24 वर्षीय जवान शहीद हो गया। सेना ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। सेना के मुताबिक, गुरप्रीत सिंह पंजाब के गुरदासपुर के रहने वाले थे और उनके परिवार में उनकी मां लखविंदर कौर हैं।

| सूर्यास्त 14-01-2024 | सूर्योदय 15-01-2024 |
|---|---|
| 6:11 बजे | 6:45 बजे |

| BSE | NSE |
|---|---|
| 72,568.45 | 21,894.55 |
| (+847.27) | (+247.35) |

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 6,571 रु. | 73,894 रु. |
| (24 कैरेट) प्रति ग्राम | प्रति किलो |

# राष्ट्रीय लक्ष्यों के लिये मिलती है आध्यात्मिक जगत के लोगों से ऊर्जा



▪ गुजरात और सौराष्ट्र की धरती महान संतों और विभूतियों की भूमि रही है। उनकी आध्यात्मिक ऊर्जा, उनकी मानवीय शिक्षायें, उनकी तपस्या, इससे उनके व्यक्तित्व में एक अद्भुत दैवीय आकर्षण पैदा होता था।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/एजेन्सी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि भारत को एक विकसित और आत्मनिर्भर राष्ट्र बनाने के लक्ष्य सिद्ध करने के प्रयासों को आध्यात्मिक जगत के लोगों से ऊर्जा मिलती है।

मोदी चारण समाज द्वारा पूज्य आई श्री सोनल मां के तीन दिवसीय जन्म शताब्दी महोत्सव के उपलक्ष्य में एक वीडियो संदेश में कहा, आज जब भारत विकसित होने के लक्ष्य पर, आत्मनिर्भर होने के लक्ष्य पर काम कर रहा है, तो आई श्री सोनल मां की प्रेरणा, हमें नई ऊर्जा देती है। इन लक्ष्यों की प्राप्ति में चारण समाज की भी बड़ी भूमिका है। यह महोत्सव इस समाज के आस्था के केंद्र मढड़ा धाम में आयोजित किया गया है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि श्री सोनल मां देश के लिये, चारण समाज के लिये, माता सरस्वती के सभी उपासकों के लिये महान योगदान की महान प्रतीक हैं। भागवत पुराण जैसे ग्रन्थों में चारण समाज को सीधे श्रीहरि की संतान कहा गया है। इस समाज पर माँ सरस्वती का विशेष आशीर्वाद भी रहा है। इसीलिये, इस समाज में एक से एक विद्वानों ने परंपरा अविरत चलती रही है।

मोदी ने कहा कि सोनल मां के दिये गये 51 आदेश, चारण समाज के लिये दिशादर्शक और पथदर्शक हैं। चारण समाज को इसे याद रखना चाहिये और समाज में जागृति लाने का काम निरंतर जारी रखना चाहिये। उन्होंने कहा, मुझे बताया गया है कि, सामाजिक समरसता को मजबूत करने के लिये मढड़ा धाम में सतत सदाव्रत का यज्ञ भी चल रहा है।

उन्होंने इस प्रयास की सराहना की और विश्वास जताया कि मढड़ा धाम राष्ट्र निर्माण के ऐसे अनगिनत अनुष्ठानों को गति देता रहेगा। चारण समाज के लोग मूलत: गुजरात-सौराष्ट्र क्षेत्र के निवासी हैं। प्रधानमंत्री ने कहा, गुजरात और सौराष्ट्र की धरती महान संतों और विभूतियों की भूमि रही है। सौराष्ट्र की इस सनातन संत परंपरा में श्री सोनल मां आधुनिक युग के लिये प्रकाश स्तम्भ की तरह थीं।

## केजरीवाल को ईडी से चौथी बार समन

**नई दिल्ली/एजेन्सी।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शनिवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को दिल्ली शराब नीति मामले में चौथी बार समन भेजकर 18 जनवरी को पूछताछ के लिये हाजिर होने का निर्देश दिया। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल को नई दिल्ली में ईडी के मुख्यालय में बुलाया गया है। इससे पहले उन्हें एजेंसी की ओर से तीन जनवरी, 21 दिसंबर और दो नवंबर 2023 को एजेंसी के समक्ष हाजिर होने के लिये समन जारी किये गये थे। केजरीवाल इन तीनों ही तिथियों पर बयान देने के लिये नहीं पहुंचे। केजरीवाल का नाम ईडी की ओर शराब घोटाला मामले में दाखिल आरोपपत्र में कई बार आया है। एजेंसी उन्हें जांच के सिलसिले में बराबर तलब कर रही है। ईडी का कहना है कि दिल्ली सरकार की 2021-22 की तथाकथिति गड़बड़ियों वाली शराब नीति तैयार करने में केजरीवाल भी संलिप्त थे।



## हिंदुस्तानियों के पास है विरासत को संभालने का कमाल : योगी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**गोरखपुर/एजेन्सी।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि दुनिया के तमाम सभ्यताएं एवं संस्कृतियां समाप्त हो गईं मगर भारत आज भी हजारों वर्षों की सभ्यता और संस्कृति को संजोए हुए है और तमाम जंझावतों में भी विरासत को संभालने का कमाल हिंदुस्तानियों के पास है।



योगी ने शनिवार को तीन दिवसीय गोरखपुर महोत्सव 2024 के समापन समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए कहा कि श्रीराम हजारों वर्ष पूर्व अवतरित हुए थे लेकिन उनकी हजारों वर्षों की परंपरा से हर भारतीय जुड़ा हुआ है। विरासत को संभालने की परंपरा और इसके लिए हर स्तर के संघर्ष का ही प्रतिफल है कि 22 जनवरी को अयोध्या में प्रभु श्रीराम एक बार फिर अपने भव्य मंदिर में विराजमान होने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि अपने इतिहास, लोक परंपरा और लोक संस्कृति को संजोना भारत की विशेषता है। संरक्षण की यही भावना भारत को बनाए हुए है। उन्होंने कहा कि अयोध्या को लक्षित कर संस्कृति और आस्था पर आघात करने वालों को परास्त और पददलित कर उनका भारतीयों ने नामोनिशान मिटा दिया और आज प्रभु श्रीराम के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के साक्षी बनने जा रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे पर्व व त्यौहार अद्भुत हैं, इनके जरिए उन लोगों तक भी भारतीय संस्कृति का संचार होता है जो किन्हीं कारणों से इसे जानने से वंचित रह गए हों। दीपावली, होली, रामनवमी, महाशिवरात्रि, रक्षाबंधन जैसे पर्व इसके उदाहरण हैं।

## ब्रिटेन के उच्चायुक्त की पीओके यात्रा पर भारत ने कड़ा विरोध दर्ज कराया



**नई दिल्ली/भाषा।** भारत ने इस्लामाबाद में ब्रिटेन के उच्चायुक्त के एक अन्य ब्रिटिश अधिकारी के साथ पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) के दौरे को लेकर ब्रिटेन के समक्ष कड़ा विरोध दर्ज कराया है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का ऐसा ''उल्लंघन अस्वीकार्य'' है। विदेश मंत्रालय ने कहा, भारत ने 10 जनवरी को ब्रिटेन के विदेश कार्यालय के एक अधिकारी के साथ इस्लामाबाद में ब्रिटिश उच्चायुक्त की पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर की बेहद आपत्तिजनक यात्रा को गंभीरता से लिया है। विदेश मंत्रालय ने कहा, विदेश सचिव ने इस मामले में भारत में ब्रिटिश उच्चायुक्त के समक्ष कड़ा विरोध दर्ज कराया है। एक बयान में कहा गया, केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर और लद्दाख भारत का अभिन्न अंग हैं और हमेशा रहेंगे।

## महादेव ऑनलाइन सट्टेबाजी ऐप धन शोधन मामले में दो और लोग गिरफ्तार

**रायपुर/भाषा।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने महादेव ऑनलाइन ऐप के जरिये सट्टेबाजी और गेमिंग ऐप मामले में जारी धन शोधन से संबंधित जांच में दो और लोगों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। ईडी के अधिवक्ता सौरभ पांडे ने कहा कि कोलकाता के रहनेवाले नितिन टिबरेवाल और रायपुर के अमित अग्रवाल को धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) की विभिन्न धाराओं के तहत हिरासत में लिया गया और शुक्रवार को रायपुर की एक विशेष अदालत में पेश किया गया।

## खरगे को विपक्षी गठबंधन 'इंडि' का अध्यक्ष बनाए जाने पर सहमति बनी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** विपक्षी दलों के गठबंधन 'इंडि' का अध्यक्ष बनाए जाने के लिए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के नाम पर शनिवार को आम सहमति बन गई। सूत्रों ने यह जानकारी दी। विपक्षी दलों के नेताओं ने डिजिटल माध्यम से बैठक की और गठबंधन के विभिन्न पहलुओं तथा अप्रैल-मई में होने वाले लोकसभा चुनावों की तैयारियों पर चर्चा की।

सूत्रों ने बताया कि तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी), उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना और समाजवादी पार्टी (सपा) के नेता बैठक में शामिल नहीं हुए। सूत्रों के मुताबिक, खरगे को 'इंडि' का अध्यक्ष बनाने पर आम सहमति बनी। अध्यक्ष पद पर नियुक्ति के संबंध में आधिकारिक घोषणा का इंतजार है। सूत्रों ने कहा कि नेताओं ने बिहार के मुख्यमंत्री एवं जनता दल(यूनाइटेड) अध्यक्ष नीतीश कुमार को विपक्षी गठबंधन का संयोजक बनाने का भी फैसला किया।

## अमेरिकी सेना ने हुती विद्रोहियों के नियंत्रण वाले एक और स्थान पर हमला किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**वाशिंगटन/एपी।** अमेरिकी सेना ने शनिवार सुबह यमन में हुती विद्रोहियों के नियंत्रण वाले एक और स्थान पर हमला किया। अमेरिका के दो अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

यमन की राजधानी सना में 'एसोसिएटेड प्रेस' के पत्रकारों ने तेज धमाके की आवाज सुनी। एक अधिकारी ने बताया कि इससे पहले शुक्रवार को अमेरिका और ब्रिटेन ने हुती विद्रोहियों के इस्तेमाल वाले स्थानों को निशाना बनाया था। इनमें 28 स्थानों में 60 ठिकानों पर हमला किया गया। अमेरिका ने कहा था कि एक रडार स्थल अब भी समुद्री यातायात के लिए खतरा बना हुआ है।

## मिशन मंडेला

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
दक्षिण भारत का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक
epaper.dakshinbharat.com



कैलाश मण्डेला, मो. 9828233434

### तिरंगी घाटी

आतंकों के साए में था,
हरदम संगीनों का पहरा।
घाटी में चमके तीन रंग,
ध्वज भारत का फर-फर फहरा।
आहट खुशहाली की सुन कर,
हो गया पड़ोसी अब बहरा।
'जन गण मन' का जयघोष हुआ,
सेना के सिर बाँधा सेहरा।।







# मोदी सरकार के कार्यकाल में रुपए में मजबूती आई : मेघवाल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने शनिवार को कहा कि नरेन्द्र मोदी सरकार के कार्यकाल में भारतीय रुपया मजबूत हुआ है। मेघवाल ने रुपए के सौ साल के सफर पर आयोजित एक संगोष्ठी में शिरकत करने के बाद संवाददाताओं के साथ बातचीत में कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के कार्यकाल में भारतीय रुपए के चलन में तेजी आई है। इसके साथ ही मेघवाल ने कहा कि इस समय 35 देश भारतीय रुपए के इस्तेमाल की इजाजत देने पर सहमत हो गए हैं और वहां यात्रा करने वाले लोगों को इसे स्थानीय मुद्रा या अमेरिकी डॉलर में बदलने की जरूरत नहीं होती है। यह रुपए के बढ़ते चलन को दर्शाता है।

रुपया इस समय अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 82.95 के भाव पर चल रहा है। मेघवाल ने रुपए को कमजोर करने की कोशिश करने वाले तत्कालीन ब्रिटिश शासकों से मुकाबला करने में बी आर अंबेडकर की भूमिका को भी श्रेय दिया। उन्होंने कहा कि अप्रैल, 1935 में भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की स्थापना लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स में भारतीय रुपए पर अंबेडकर की थीसिस पेश किए जाने के बाद की गई थी। उन्होंने कहा, लोगों को यह पता होना चाहिए कि अंबेडकर एक प्रख्यात अर्थशास्त्री भी थे।

## सहज स्मृति योग



व्यक्ति के मन में जो आध्यात्मिक प्रश्न उठते हैं उनका इस स्तंभ में समाधान प्रस्तुत करने का काम कर रहे हैं गुरुजी श्री नंदकिशोर तिवारी। व्यक्ति की पृष्ठभूमि चाहे किसी भी मत, सम्प्रदाय, मज़हब से हो, सहज स्मृति योग का सरोकार मनुष्य के मात्र आत्मवान होने से है। इसलिए सहज स्मृति योग का ध्यान केवल जिज्ञासु के समाधान पर रहता है। आप भी अपनी जिज्ञासाएं guruji@darpanfoundation.com पर ईमेल या व्हाटस अप (9902912396) द्वारा भेज सकते हैं।

**प्रश्न:** गुरुजी, आप कहते हैं कि जब कोई मन, स्व, आत्मा का अंतर समझ और देख ले, तब उसकी आध्यात्मिक उन्नति होती हुई उसे स्वयं ही स्पष्ट अनुभव होने लगती है। आत्मानुभूति पहले ऐसा क्यों नहीं होता ?

**उत्तर:** आप घर परिवार से लेकर समाज और संसार में बहुधा लोगों को यह कहते हुए सुनते ही होंगे कि मेरी अंतरात्मा ऐसा बोल रही है या मेरा अंतर्मन वैसा कह रहा है। लेकिन, अगर आप उनसे प्रतिप्रश्न करें कि क्या वे अंतर्मन और अंतरात्मा में अंतर समझते हैं ? तो वे उत्तर नहीं दे पायेंगे। क्योंकि आत्म दर्शन के बिना यह सम्भव नहीं होता। आत्मानुभूति का सुख पाने के उपरांत ही यह स्पष्ट हो पाता है कि मन के सुख-दुख, सुखाभास और दुखाभास मात्र हैं और जिसे आत्मदर्शन हो जाए वह क्यों पुनः अवनत होकर चित्त वृत्तियों के व्यूह में फंसेगा? वह तो आत्मा से अपने चित्त/स्व/मन इत्यादि सबका उद्धार ही करेगा। उसके पहले ऐसा इसीलिए नहीं होता क्योंकि बिना आत्म-ज्ञान पाए विषय-भोगों के जो आभासीय अनुभव हैं वही अंतिम अनुभव लगते हैं। और, मन बुद्धि अहंकार स्मृति रूप चित्त के चारों अंतःकरणों का निर्णय यही आता रहता है कि विषय भोग रूपी सुखों से गुरुतर न तो कोई और सुख है और ना ही मन से परे कोई ऐसी अवस्था है जिसमें कोई अतींद्रिय और अनिर्वचनीय सुख की अनुभूति होती हो। मन और देह की पवित्रता के लिए किए संकल्प, व्रत, उपवास, पारणा आदि तक सीमित अंतःकरण यथार्थ प्रत्याहार से अनभिज्ञ ही बना रहता है तो आध्यात्मिक उन्नति कैसे स्पष्ट हो? विवेक रूपी दर्पण तो यथार्थ प्रत्याहार के उपरांत ही अपनी स्वच्छ छवि देख पाने के योग्य हो पाता है। इसीलिए आत्मानुभूति पहले ऐसा नहीं होता।



# प्राण प्रतिष्ठा समारोह के विशिष्ट मेहमानों को उपहार में दी जाएगी 'रामरज'

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**अयोध्या (उत्तर प्रदेश)/भाषा।** अयोध्या स्थित राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होने वाले सभी अतिथियों को उपहारस्वरूप 'रामरज' दी जाएगी और उन्हें प्रसाद के रूप में देसी घी से बने मोतीचूर के विशेष लड्डू दिए जाएंगे। एक सरकारी बयान के मुताबिक, 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा समारोह में भाग लेने वाले मेहमानों को मंदिर की बुनियाद की खुदाई के दौरान निकाली गई मिट्टी (रामरज) भेंट की जाएगी। बयान के अनुसार, राम जन्मभूमि की इस मिट्टी को विशेष छोटे बक्से में पैक किया जाएगा और प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होने वाले मेहमानों को भेंट किया जाएगा।

राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट से जुड़े एक सदस्य ने बताया कि प्राण प्रतिष्ठा समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को मंदिर की तस्वीर भेंट की जाएगी। उन्होंने बताया कि प्राण प्रतिष्ठा समारोह में ट्रस्ट ने देश भर से 11,000 से अधिक मेहमानों को आमंत्रित किया है और इन सभी लोगों को यादगार उपहार देने की व्यवस्था की जा रही है। अयोध्या के मंडलायुक्त गौरव दयाल ने बताया कि प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के लिए 7,500 लोगों को मंदिर प्रांगण में बैठाने की व्यवस्था की गई है।

### दो शंकराचार्यों ने राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह का खुलकर किया स्वागत : विहिप नेता



**नई दिल्ली/भाषा।** विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के कार्यकारी अध्यक्ष आलोक कुमार ने शुक्रवार को कहा कि चार शंकराचार्यों में से दो ने राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह का 'खुलकर स्वागत किया' है लेकिन उनमें कोई भी 22 जनवरी को अयोध्या में इस भव्य अनुष्ठान में शामिल नहीं होंगे। उन्होंने 'पीटीआई-भाषा' से कहा कि वे ''अपनी सुविधा के अनुसार बाद में'' राम मंदिर देखने जाएंगे। विहिप नेता का यह बयान कर्नाटक के श्रृंगेरी शारदा पीठ, गुजरात के द्वारका शारदा पीठ, उत्तराखंड के ज्योतिर पीठ और ओडिशा के गोवर्धन पीठ के शंकराचार्यों के इस प्राण प्रतिष्ठा समारोह में हिस्सा नहीं लेने के निर्णय की खबरों को लेकर विपक्षी दलों द्वारा भाजपा पर निशाना साधे जाने के बीच आया है।

## मप्र : इंदौर में अवैध बाल गृह सील किया गया, 25 लड़कियां अन्य जगह स्थानांतरित की गईं

**इंदौर/भाषा।** मध्य प्रदेश के इंदौर में अवैध रूप से संचालित एक बाल गृह को सील कर दिया गया और वहां मौजूद 25 लड़कियों को अन्य सरकारी बाल गृह में स्थानांतरित कर दिया है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। जूनी इंदौर के उप मंडल अधिकारी (राजस्व) घनश्याम धनगर ने बताया कि यहां विजय नगर में वात्सल्यपुरम बाल आश्रम के खिलाफ मिल रही शिकायतों के बाद यह कार्रवाई की गई है।

धनगर ने कहा, जिलाधिकारी आशीष सिंह ने मुझे इस बालगृह का निरीक्षण करने और कार्रवाई करने के लिए कहा था। यहां के निरीक्षण के दौरान हमें वहां कोई जिम्मेदार व्यक्ति नहीं मिला। जरूरी दस्तावेज के लिए एक चौकीदार से बात करनी पड़ी। वहां मौजूद एक व्यक्ति ने बताया कि बाल गृह के पास संचालन की अनुमति नहीं है। उन्होंने कहा, बाल गृह को शुक्रवार को सील कर दिया गया और वहां रह रहीं 25 लड़कियों को यहां के सरकारी बाल आश्रम और जीवन ज्योति बालिका गृह में स्थानांतरित कर दिया गया है।

# उद्धव ठाकरे निर्धारित व्यस्तताओं का हवाला देकर 'इंडि' गठबंधन की बैठक में शामिल नहीं हुए



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**मुंबई/भाषा।** शिवसेना (यूबीटी) के अध्यक्ष उद्धव ठाकरे शनिवार को निर्धारित कार्यक्रम का हवाला देते हुए विपक्षी गठबंधन 'इंडि' की डिजिटल बैठक में शामिल नहीं हुए। उन्होंने यह भी कहा कि पार्टी ने बैठक में भाग लेने में असमर्थता के बारे में (विपक्षी गठबंधन को) पहले ही सूचित कर दिया था।

ठाकरे ने कहा, इस संबंध में कोई गलतफहमी नहीं होनी चाहिए। मैंने बैठक में भाग लेने में असमर्थता व्यक्त की, क्योंकि मुझे एक पूर्व निर्धारित कार्यक्रम में भाग लेना था, जिसमें बहुत व्यस्तता थी। ऐसे परिदृश्य में, बैठक में भाग लेना मुश्किल होता।

गठबंधन के नेताओं ने डिजिटल बैठक की और गठबंधन के विभिन्न पहलुओं तथा अप्रैल-मई में होने वाले लोकसभा चुनाव की तैयारियों पर चर्चा की। शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख कल्याण-डोंबिवली लोकसभा क्षेत्र के दौरे पर हैं, जिसका प्रतिनिधित्व वर्तमान में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के बेटे और शिवसेना सांसद श्रीकांत शिंदे कर रहे हैं।

कल्याण-डोंबिवली क्षेत्र मुख्यमंत्री शिंदे का गढ़ है।

आगामी लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से मुकाबला करने के लिए 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव एलायंस' (इंडि) गठबंधन के बैनर तले 28 विपक्षी दल एक साथ आए हैं।



# नवी मुंबई हवाई अड्डे का परिचालन अगले साल 31 मार्च तक होगा शुरूः सिंधिया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**मुंबई/भाषा।** नागर विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने शनिवार को कहा कि निर्माणाधीन नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का वाणिज्यिक परिचालन 31 मार्च, 2025 तक शुरू हो जाएगा।

उन्होंने कहा कि इस हवाई अड्डा विकास परियोजना का 55 से 60 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है। यह परियोजना 18,000 करोड़ रुपए के निवेश से विकसित की जा रही है। अडाणी समूह द्वारा विकसित की जा रही नवी मुंबई हवाई अड्डा परियोजना को पांच चरणों में बांटा गया है। इसकी कुल वार्षिक क्षमता नौ करोड़ यात्रियों की होगी। इससे पहले सिंधिया ने एक बैठक में परियोजना की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि पहले चरण में सालाना क्षमता दो करोड़ यात्रियों की होगी।

सिंधिया ने कहा कि परियोजना के पांचों चरण पूरे हो जाने पर इस हवाई अड्डे पर चार टर्मिनल और दो हवाई पट्टियां होंगी। उन्होंने कहा कि हवाई अड्डे को सड़क, रेल, मेट्रो और जल मार्ग से भी जोड़ा जाएगा।

# नासिक : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आगंतुक पुस्तिका में लिखा 'जय श्री राम'

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नासिक/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को गोदावरी नदी की यात्रा के दौरान यहां गंगा गोदावरी पंचकोटि पुरोहित संघ के कार्यालय में आगंतुक पुस्तिका में 'जय श्री राम' लिखा। महाराष्ट्र की एक दिवसीय यात्रा पर मोदी ने शहर में एक रोड शो किया और गोदावरी के किनारे स्थित प्रसिद्ध कालाराम मंदिर में दर्शन भी किए। पुरोहित संघ के अध्यक्ष सतीश शुक्ला ने कहा, उन्होंने (प्रधानमंत्री मोदी) आगंतुक पुस्तिका में 'जय श्री राम' लिखा और हस्ताक्षर किए। वह इस स्थान पर आने और 'गंगा पूजन' करने वाले पहले प्रधानमंत्री हैं। स्थानीय लोग नासिक के पास से निकलने वाली गोदावरी नदी को अक्सर गंगा कहकर बुलाते हैं। शुक्ला ने कहा कि प्रधानमंत्री ने नदी के किनारे स्थित 'रामकुंड' में प्रवेश किया और गोदावरी नदी की पूजा की। शुक्ला ने कहा कि मोदी ने 'संकल्प' लिया कि वह हमेशा 'भारत माता' की सेवा करेंगे।

## बीआरओ परियोजनाओं के तहत कार्यरत अस्थायी श्रमिकों को मिलेगा टर्म इंश्योरेंस

**नई दिल्ली/भाषा।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने विभिन्न बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के लिए सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) द्वारा नियुक्त अस्थायी श्रमिकों के लिए एक 'टर्म इंश्योरेंस' योजना शुरू करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है।

'टर्म इंश्योरेंस' एक निश्चित अवधि के लिए लिया जाने वाला बीमा होता है। रक्षा मंत्रालय के अनुसार, इस योजना के तहत अगर परियोजना पर काम करते हुए किसी श्रमिक की मृत्यु हो जाती है तो उसके परिजन को 10 लाख रुपए की राशि दी जाएगी।

मंत्रालय ने शनिवार को एक बयान में कहा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने जारी परियोजना कार्यों के लिए सीमा सड़क संगठन/जनरल रिजर्व इंजीनियर फोर्स द्वारा नियुक्त अस्थायी श्रमिकों (सीपीएल) के लिए एक टर्म इंश्योरेंस योजना शुरू करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है।

# भाजपा केजरीवाल को लोकसभा चुनाव के लिए प्रचार करने से रोकने की कोशिश कर रही है : आप

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने शनिवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को लोकसभा चुनाव प्रचार से रोकने के वास्ते प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) का ''दुरुपयोग'' कर रही है। राय की यह टिप्पणी ऐसे वक्त आई है, जब ईडी ने आम आदमी पार्टी (आप) के संयोजक केजरीवाल को चौथा समन भेजा है।

यहां एक संवाददाता सम्मेलन में पर्यावरण मंत्री ने केजरीवाल को ईडी के समन के समय पर सवाल उठाया और कहा कि यह 18 जनवरी से उनके गोवा दौरे से पहले आया है। राय ने कहा, ईडी को भाजपा का राजनीतिक हथियार बनने से बचना चाहिए। पर्यावरण मंत्री ने यह भी आरोप लगाया कि समन की सूचना दिल्ली के मुख्यमंत्री तक पहुंचने से पहले ही मीडिया में लीक हो गई थी। यह पूछे जाने पर कि क्या केजरीवाल इस बार ईडी के सामने पेश होंगे, राय ने कहा कि वे कानूनी सलाहकारों से परामर्श कर रहे हैं और उसके अनुसार कदम उठाएंगे। ईडी ने दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन मामले में पूछताछ के लिए केजरीवाल को चौथी बार समन जारी किया है। आप के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल को 18 जनवरी को ईडी के मुख्यालय में पेश होने के लिए कहा गया है।

# नियामकीय कदमों से बैंक प्रणाली में व्यापक बदलाव : शक्तिकांत दास

**दास ने कहा, बैंकों ने खुद भी अपने आंतरिक रक्षा तंत्र को मजबूत करके इन चुनौतियों का दिया जवाब**



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**मुंबई/भाषा।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकांत दास ने पिछले चार-पांच वर्षों में बैंक प्रणाली में 'व्यापक बदलाव' का श्रेय केंद्रीय बैंक के समयबद्ध एवं सक्रिय विवेक-सम्मत नियामकीय कदमों को दिया है। दास ने यहां बैंकिंग और वित्तीय प्रणाली पर आयोजित एक संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि देश का बैंक क्षेत्र मार्च, 2018 तक रिकॉर्ड मात्रा में फंसे कर्ज समेत कई मुद्दों से घिरा हुआ था। उस समय बैंकों का सकल गैर-निष्पादित संपत्ति (एनपीए) लगभग 11 प्रतिशत था और संपत्ति एवं इक्विटी पर रिटर्न नकारात्मक था।

उन्होंने बृहस्पतिवार को आयोजित इस कार्यक्रम में कहा कि जून 2018 तक 11 बैंक आरबीआई की त्वरित उपचारात्मक कार्रवाई (पीसीए) में रखे गए थे लेकिन अब एक भी बैंक इसमें शामिल नहीं है। उन्होंने कहा कि समय पर और सक्रिय नीति और नियामकीय कदमों ने बैंकों को स्वस्थ बहीखाते के साथ वापस आने में मदद की।

दास ने कहा, पिछले पांच वर्षों में आरबीआई ने नियामक और निगरानी मोर्चों पर कई पहल की हैं। इस दौरान बैंकों ने खुद भी अपने आंतरिक रक्षा तंत्र को मजबूत करके इन चुनौतियों का जवाब दिया। इस वजह से बैंकिंग प्रणाली में क्रमिक और लगातार बदलाव आया है। उन्होंने कहा कि बैंकों के सभी प्रमुख संकेतक- पूंजी पर्याप्तता, संपत्ति की गुणवत्ता और लाभप्रदता में पिछले चार वर्षों में सुधार हुआ है। उन्होंने कहा कि ऋण वृद्धि अब व्यापक है और बैंकों और गैर-बैंकों के मजबूत बुनियादी सिद्धांतों द्वारा समर्थित है।

दास ने कहा, कुल मिलाकर, हमारा बैंक क्षेत्र हाल के वर्षों की अभूतपूर्व चुनौतियों से मजबूत होकर उभरा है।

# 'गेहूं, चावल, चीनी पर निर्यात प्रतिबंध हटाने का फिलहाल कोई प्रस्ताव नहीं'

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शनिवार को कहा कि सरकार के सामने फिलहाल गेहूं, चावल और चीनी के निर्यात पर लगी पाबंदियां हटाने का कोई भी प्रस्ताव नहीं है।

गोयल ने यहां संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि भारत का गेहूं और चीनी के आयात का भी कोई इरादा नहीं है। उन्होंने कहा, गेहूं, चावल और चीनी पर निर्यात प्रतिबंध हटाने का फिलहाल कोई प्रस्ताव नहीं है। इसके साथ ही भारत गेहूं और चीनी का आयात नहीं करेगा। भारत ने घरेलू स्तर पर बढ़ती कीमतों पर काबू पाने के लिए मई, 2022 में गेहूं के निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया था। इसके बाद जुलाई, 2023 से गैर-बासमती चावल के निर्यात पर भी प्रतिबंध लगा हुआ है। सरकार ने अक्टूबर, 2023 में चीनी के निर्यात पर भी रोक लगाने का आदेश जारी कर दिया था। उन्होंने यह भी कहा कि गेहूं और चीनी के आयात की ''न तो कोई योजना है और न ही इसकी कोई जरूरत है। उन्होंने कहा कि भारत गैर-बासमती चावल के निर्यात पर प्रतिबंध लगाने के बावजूद अपने मित्र देशों को उनकी खाद्य सुरक्षा जरूरतों के लिए चावल उपलब्ध करा रहा है। उन्होंने बताया कि भारत ने इंडोनेशिया, सेनेगल और गाम्बिया जैसे देशों को चावल उपलब्ध कराया है।

# छात्रों को राजनीति के लिए पढ़ाई से समझौता नहीं करना चाहिएः जेएनयू कुलपति

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) परिसर में धरना देने के खिलाफ कड़े कदम लागू किए जाने को लेकर छिड़े विवाद के बीच जेएनयू की कुलपति शांतिश्री धूलिपुड़ी पंडित ने छात्रों को सलाह दी है कि उन्हें राजनीति के लिए पढ़ाई से समझौता नहीं करना चाहिए। पंडित ने कहा कि अनुशासनात्मक कार्रवाई छात्रों की भविष्य में नौकरी हासिल करने की संभावनाओं पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकती है। उन्होंने 'पीटीआई-भाषा' से एक साक्षात्कार में कहा, कोई यह नहीं कह रहा कि प्रदर्शन मत कीजिए लेकिन यह भी ध्यान रखिए कि आपकी पढ़ाई से समझौता नहीं होना चाहिए। राजनीति में शामिल इनमें से कई छात्र बाद में मेरे पास आकर 'एक्सटेंशन' की मांग करते हैं और यह नौकरी के लिए आवेदन करते समय उनकी प्रोफाइल में भी नजर आएगा।

कुलपति ने परिसर में आलोचनात्मक सोच की संस्कृति को दर्शाने के लिए इजराइल-हमास संघर्ष पर जेएनयू में खुली बहस एवं व्याख्यानों के आयोजन का जिक्र किया और कहा कि इसे लेकर कोई प्रदर्शन नहीं हुआ। जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय की कुलपति के रूप में 2022 में कार्यभार संभालने वाली पंडित ने कहा कि उन्होंने फीस वृद्धि के विरोध में 2019 में किए गए प्रदर्शन के संबंध में छात्रों के खिलाफ जारी सभी जांच बंद कर दी हैं ताकि उनके करियर पर इसका प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़े।

कुलपति ने कहा कि छात्रों को अपनी स्वतंत्रता का इस्तेमाल जिम्मेदारी के साथ करना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रशासन ने मुख्य प्रॉक्टर कार्यालय (सीपीओ) नियमावली में आधिकारिक तौर पर अधिसूचित किया है कि अधिकारियों को उनके कर्तव्य का निर्वहन करने से रोकने, शराब पीने या परिसर में तेज गति से वाहन चलाने जैसी गतिविधियां करने वाले छात्रों को दंडित किया जाएगा। जेएनयू ने पिछले साल नवंबर में अपनी संशोधित सीपीओ नियमावली जारी की थी जिसके तहत परिसर में निषिद्ध क्षेत्रों में विरोध प्रदर्शन करने पर 20,000 रुपए और राष्ट्र विरोधी नारे लगाने पर 10,000 रुपए तक का जुर्माना लगाया जा सकता है।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
बेंगलूरु क्लासीफाइड
उपलब्ध
DNR Highline @ Okalipuram
near LULU Mall Rajajinagar
3 & 4 BHK FLATS
with 7 Star Luxurious Amenities.
Only Few Flats available for Sale.
for details
Contact Owner: 9844027560

# पूर्व मॉडल दिव्या पाहुजा का शव हरियाणा में नहर से बरामद

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**गुरुग्राम/भाषा।** पूर्व मॉडल दिव्या पाहुजा का शव शनिवार को हरियाणा के फतेहाबाद जिले में एक नहर से बरामद किया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी है। कुछ दिन पहले पाहुजा की गुरुग्राम के एक होटल में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आरोपी बलराज गिल से मिली जानकारी के आधार पर शव बरामद किया गया, उसे कोलकाता हवाई अड्डे से बृहस्पतिवार को गिरफ्तार किया गया था। उन्होंने बताया कि गिल ने शव को ठिकाने लगाया था।

पुलिस ने बताया था कि पांच लोग पाहुजा को 'होटल सिटी प्वाइंट' ले गए और उन्होंने कमरा संख्या 111 में उसके सिर में इसलिए गोली मार दी क्योंकि वह कथित तौर पर होटल मालिक अभिजीत सिंह (56) की ''अश्लील तस्वीरों'' के जरिए उसे ब्लैकमेल करके पैसे वसूल रही थी। गुरुग्राम के सहायक पुलिस आयुक्त (अपराध) वरुण कुमार दहिया ने बताया कि पाहुजा का शव टोहाना में भाखड़ा नहर की सहायक नहर से मिला है। उन्होंने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जाएगा। 'होटल सिटी प्वाइंट' के सीसीटीवी फुटेज में सिंह सहित अन्य आरोपी सफेद चादर में लिपटे कथित शव को लॉबी में घसीटते दिख रहे हैं। फुटेज में आरोपियों को दिव्या के शव को डिक्की में रखकर कार से होटल से भागते देखा जा सकता है।

# मैंने और मेरे बेटे ने मैसूर से लोकसभा चुनाव लड़ने की बात नहीं कही : सिद्दरामैया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

रायचूर। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दरामैया ने शनिवार को कहा कि भाजपा सांसद प्रताप सिम्हा डरे हुए हैं और इसीलिए वह कह रहे हैं कि यतींद्र (मुख्यमंत्री के पुत्र) आगामी लोकसभा चुनाव में मैसूरु-कोडगु निर्वाचन क्षेत्र से उनके खिलाफ चुनाव लड़ेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि टिकट देने का निर्णय व्यक्तिगत पसंद पर नहीं, बल्कि विधायकों, स्थानीय नेताओं और निर्वाचन क्षेत्रों के पार्टी पदाधिकारियों की सिफारिशों पर आधारित होता है।

सिद्दरामैया ने यहां संवाददाताओं से कहा, प्रताप सिम्हा (मैसूरु-कोडगु से भाजपा सांसद) डरे हुए हैं, इसलिए वह कह रहे हैं कि यतींद्र चुनाव लड़ेंगे। न तो मैंने और न ही यतींद्र ने कहा है कि वह (यतींद्र) चुनाव लड़ेंगे।



मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के शहरी विकास मंत्री सुरेश बीएस को मैसूर-कोडगु लोकसभा क्षेत्र के लिए पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है। उन्होंने बताया कि सुरेश ने संभावित उम्मीदवारों पर अपनी रिपोर्ट सौंप दी है, जिसके आधार पर निर्णय लिया जाएगा।

मुख्यमंत्री की यह प्रतिक्रिया सिम्हा के उस बयान के बाद आई है, जिसमें भाजपा सांसद ने हाल में कहा था कि यतींद्र को आगामी लोकसभा चुनाव में मैसूर सीट से मैदान में उतारा जा सकता है।

भाजपा सांसद ने यह आशंका तब व्यक्त की थी, जब उनके भाई विक्रम सिम्हा को पेड़ काटने के मामले में गिरफ्तार किया गया था। प्रताप सिम्हा ने सिद्दरामैया पर अपने भाई को अनावश्यक रूप से झूठे मामले में फंसाने का आरोप लगाते हुए दावा किया है कि मुख्यमंत्री इस मामले के जरिए उन्हें बदनाम कर रहे हैं ताकि उनके बेटे यतींद्र को उनके (प्रताप सिम्हा) खिलाफ मैसूर-कोडगु निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़ने के लिए जमीन तैयार की जा सके।

## राम मंदिर मुद्दे पर कांग्रेस बंटी है : बोम्मई

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने शनिवार को कहा कि कांग्रेस अयोध्या में राम मंदिर के उद्घाटन में हिस्सा लेने को लेकर बंटी हुई है। बसवराज बोम्मई ने पार्टी कार्यालय में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा, 'हालांकि, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और सोनिया गांधी ने उद्घाटन में शामिल होने से इनकार कर दिया है, जबकि उत्तर भारत के कई विधायकों ने इस कार्यक्रम में भाग लेने की पुष्टि की है।'



उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सिद्दरामैया ने कहा है कि वह उद्घाटन समारोह में शामिल नहीं होंगे। चूंकि उनके पास कई सलाहकार हैं, इसलिए मुख्यमंत्री दैनिक आधार पर अपने बयान बदलते रहते हैं। एक दिन उन्होंने कहा कि वह अपने गृहनगर में भगवान राम की पूजा करेंगे और फिर कहा कि वह समारोह में शामिल नहीं होंगे। एक अन्य व्यक्ति की सलाह के आधार पर उन्होंने कहा कि वह अयोध्या जाएंगे। कोई नहीं जानता कि कार्यक्रम से पहले वह क्या कहने जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि कर्नाटक कांग्रेस के नेताओं ने भी 22 जनवरी के बाद अयोध्या जाने का संकेत दिया है। बोम्मई ने कहा, एक तरफ कांग्रेस अल्पसंख्यक समुदाय के वोट खोना नहीं चाहती हैं और दूसरी तरफ वे हिंदू वोट खोने से डर रही है।

**महोत्सव**



धारवाड़ के पास मंसूर गांव में शनिवार को छात्र संक्रांति महोत्सव मनाते हुए।

# देवेगौड़ा ने अंतिम सांस तक कावेरी जल के लिए लड़ने का संकल्प लिया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। पूर्व प्रधानमंत्री एच. डी. देवेगौड़ा ने शनिवार को कहा कि कर्नाटक के साथ अन्याय हुआ है और एक बार फिर प्रधानमंत्री पद के 'प्रबल दावेदार' नरेन्द्र मोदी ही कावेरी जल विवाद का समाधान कर सकते हैं। जनता दल (एस) के संरक्षक देवेगौड़ा (90) ने अपनी आखिरी सांस तक कावेरी मुद्दे के लिए लड़ने का संकल्प लिया।

जद (एस) के स्थानीय कार्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन में उन्होंने कहा कि कर्नाटक जिस कावेरी जल संकट का सामना कर रहा है, उसे हल करने की शक्ति केवल मोदी के पास है। पार्टी सुप्रीमो ने कहा, एक बार फिर प्रधानमंत्री पद के दावेदार नरेन्द्र मोदी ही केवल कावेरी समस्या का समाधान कर सकते हैं।



देवेगौड़ा ने कहा कि तमिलनाडु कावेरी जल छोड़ने के लिए हर साल कावेरी जल प्रबंधन प्राधिकरण (सीडब्ल्यूएमए) को एक आवेदन प्रस्तुत करता है।

उन्होंने कहा, ''यहां तक कि अगर हमारे (कर्नाटक) पास पानी नहीं है, तो भी वे (सीडब्ल्यूएमए) कहते हैं कि पानी दो। हमारे अधिकारियों ने चाहे जो भी तर्क दिये हों, लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ।'' उन्होंने गहरा खेद व्यक्त किया कि सीडब्ल्यूएमए ने कभी यह पता करने के लिए कर्नाटक का दौरा नहीं किया कि कावेरी जलाशयों में कितना पानी उपलब्ध है।

देवेगौड़ा ने सभी राजनीतिक दलों से अपील की, कावेरी विवाद का समाधान मौजूद है। हमें अपने साथ हुए अन्याय के बारे में प्रधानमंत्री मोदी को अवगत कराने को लेकर एकजुट होकर प्रयास करना चाहिए। इसमें कोई राजनीति नहीं होनी चाहिए। राजनीतिक दलों को इस मुद्दे के लिए मिलकर लड़ना चाहिए।

उन्होंने कहा, ''मैं अगले ढाई साल तक राज्यसभा में रहूंगा। मैं अपनी आखिरी सांस तक कावेरी मुद्दे के लिए लड़ूंगा। मैं तब तक शांत नहीं बैठूंगा जब तक राज्य के लोगों को न्याय नहीं मिल जाता।''

पूर्व प्रधानमंत्री ने कहा कि वह एक फरवरी को राज्यसभा सत्र में भाग लेने के लिए दिल्ली जाएंगे, जहां वह संसद में कावेरी मुद्दा उठाएंगे। देवेगौड़ा ने कहा, मैं प्रधानमंत्री मोदी से कावेरी मुद्दे पर हस्तक्षेप करने का अनुरोध करूंगा।

# प्रियंका गांधी के कर्नाटक, तेलंगाना से लोकसभा चुनाव लड़ने की संभावना

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी के आगामी लोकसभा चुनाव के दौरान कर्नाटक और तेलंगाना की दो सीटों पर चुनाव लड़ने की संभावना है। सूत्रों ने कहा कि एआईसीसी - स्थानीय कांग्रेस इकाई को सूचित किए बिना - पहले ही कर्नाटक के कोप्पल निर्वाचन क्षेत्र में सर्वेक्षण कर चुकी है और तेलंगाना में एक अन्य सीट से प्रियंका गांधी को मैदान में उतारने पर भी विचार कर रही है।

कोप्पल कर्नाटक के सबसे पिछड़े जिलों में से एक है और यहां के आठ विधानसभा क्षेत्रों में से छह कांग्रेस के पास हैं। एआईसीसी द्वारा किए गए सर्वेक्षण में सुझाव दिया गया है कि यह प्रियंका गांधी के लिए एक सुरक्षित सीट है। वर्तमान में कोप्पल निर्वाचन क्षेत्र से भाजपा के कराडी सांगन्ना सांसद हैं।

इससे पहले, पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को भी 1978 में कर्नाटक की चिक्कमगलुरु संसदीय सीट जीतने के बाद राजनीतिक संजीवनी मिली थी। वर्तमान में, इस निर्वाचन क्षेत्र को उडुप्पी-चिक्कमगलुरु सीट कहा जाता है, जिसका प्रतिनिधित्व केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण राज्य मंत्री शोभा करंदलाजे करती हैं।

सोनिया गांधी ने 1999 में दिवंगत वरिष्ठ भाजपा नेता सुषमा स्वराज के खिलाफ कर्नाटक की बेल्लारी सीट से चुनाव लड़ा और करीबी मुकाबले के बाद विजयी रहीं। सूत्रों ने कहा कि अगर प्रियंका गांधी कर्नाटक से चुनाव लड़ेंगी, तो इसका पूरे राज्य में कांग्रेस के लिए सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा क्योंकि यह कार्यकर्ताओं को भाजपा से मुकाबला करने के लिए प्रेरित करेगा।

इससे पहले प्रदेश कांग्रेस के नेताओं ने कहा था कि गांधी परिवार के किसी सदस्य को कर्नाटक से चुनाव लड़ना चाहिए जो पार्टी के लिए फायदेमंद होगा।

## गोवा बच्चा हत्या मामला

# सेठ के पति ने कहा-बेटे से पिछले पांच रविवार नहीं मिलने दिया

बेंगलूरु/पणजी। चार साल के बेटे की हत्या की आरोपी व एआई-आधारित एक स्टार्टअप कंपनी की मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) सूचना सेठ के पति ने शनिवार को गोवा पुलिस को बताया कि सेठ ने उन्हें पिछले पांच रविवार से बेटे से नहीं मिलने दिया। वेंकट रमन जांच के तहत अपना बयान दर्ज कराने के लिए दोपहर के समय बेंगलूरु से कलंगुट थाने पहुंचे।

पुलिस के अनुसार, सेठ ने उत्तरी गोवा के कैंडोलिम में एक सर्विस अपार्टमेंट में अपने बेटे की कथित तौर पर गला घोंटकर हत्या करने के बाद उसका शव एक बैग में रखा और बेंगलूरु वापस जाने के लिए टैक्सी ली, लेकिन उसे आठ जनवरी को कर्नाटक के चित्रदुर्ग में बीच रास्ते में ही गिरफ्तार कर लिया गया।

रमन ने जांच अधिकारी (आईओ) से मिलने जाने से पहले मीडिया से बात नहीं की। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने पीटीआई-भाषा को बताया कि वह (रमन) विस्तृत बयान दर्ज करा रहे हैं। अधिकारी ने बताया कि दोपहर तक उनके बयान का काफी हिस्सा दर्ज किया जा चुका था और दोपहर के भोजन के बाद रमन आईओ के साथ फिर से बैठे। उन्होंने कहा कि रमन ने पुलिस को बताया कि उनके और सेठ के बीच बेंगलूरु की एक पारिवारिक अदालत में तलाक का मुकदमा चल रहा है।

अधिकारी के अनुसार, रमन ने दावा किया कि अदालत ने उन्हें मुलाकात का अधिकार दिया था लेकिन सेठ ने उन्हें पिछले पांच रविवार से उनके बेटे से नहीं मिलने दिया।

जब बेटे की हत्या हुई तब रमन इंडोनेशिया के जकार्ता में थे। पुलिस के मुताबिक, महिला ने अपनी कलाई काटकर आत्महत्या की कोशिश करने से पहले अपने बेटे की गला दबाकर हत्या कर दी।

## सरकार ने 3900 करोड़ रुपये से अधिक की 73 परियोजनाओं को दी मंजूरी

बेंगलूरु। कर्नाटक के बड़े और मध्यम उद्योग एवं बुनियादी ढांचा विकास मंत्री एम बी पाटिल की अध्यक्षता वाली राज्य स्तरीय एकल खिड़की मंजूरी समिति ने 3,935.52 करोड़ रुपये की 73 परियोजनाओं को मंजूरी दे दी है। एक बयान के अनुसार, इन परियोजनाओं से लगभग 15000 लोगों को रोजगार मिलने की उम्मीद है।

बेंगलूरु स्थित, ईटीएल सिक्योर स्पेस लिमिटेड, और डीएचएएसएच पीवी टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड, कंपनियों द्वारा प्रस्ताव प्रस्तुत किए गए, जिसमें ये कंपनी इन प्रमुख परियोजनाओं में क्रमशः 490.5 करोड़ रुपये और 346.35 करोड़ रुपये का निवेश करेंगी। पाटिल ने कहा कि एसएलएसडब्ल्यूसीसी द्वारा अनुमोदित कई परियोजनाएं उत्तरी कर्नाटक के जिलों में शुरू की जाएंगी।

## सिरफिरे आशिक के सार्वजनिक रूप से अपमानित करने पर युवती ने की आत्महत्या

हासन। कर्नाटक के बेलूर शहर के पास शनिवार को एक 21 वर्षीय युवती ने एक सिरफेर आशिक द्वारा सार्वजनिक रूप से अपमानित किए जाने के बाद आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान निदागुडु गांव निवासी जयन्ना की बेटी संगीता के रूप में हुई है। पुलिस ने एकतरफा प्रेमी शिवू को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के मुताबिक, शिवू संगीता पर उसके साथ प्रेम संबंध बनाने के लिए दबाव डाल रहा था।

उसने उसके माता-पिता से भी संपर्क किया था और उससे शादी का प्रस्ताव रखा था। लेकिन उसके माता-पिता ने उससे कहा कि उनकी निकट भविष्य में बेटी की शादी करने की कोई योजना नहीं है। इसके बाद भी शिवू संगीता को परेशान करता रहा।

जब वह एक मंदिर गई थी तो शिवू ने उसके साथ दुर्व्यवहार किया। उसने उसकी कॉल रिसीव न करने और उसकी बातों का जवाब न देने के लिए उसकी खिंचाई की। उसने यह भी धमकी दी कि अगर वह उससे प्यार नहीं करेगी तो उसे मार दिया जाएगा। आरोपी ने उससे कहा कि जब भी कॉल आए तो उसे उसका कॉल रिसीव करना होगा। इस सार्वजनिक अपमान ने संगीता को परेशान कर दिया।मंदिर से लौटने के बाद उसने फांसी लगा ली।

उसके माता-पिता ने कहा है कि पीड़िता ने आरोपियों द्वारा उनकी बेटी को प्रताड़ित करने और सार्वजनिक रूप से अपमानित करने के कारण अपनी जान दे दी। बेलूर ग्रामीण पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# प्रेमी के साथ मिलकर पति की हत्या करने वाली महिला गिरफ्तार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। बेंगलूरु पुलिस ने शनिवार को एक महिला को अपने प्रेमी के साथ मिलकर पति की हत्या करने और फिर उसे दिल का दौरा बताने की कोशिश करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। घटना की सूचना एचएसआर लेआउट थाने को दी गई। आरोपी की पहचान एचएसआर लेआउट निवासी नंदिनी बाई के रूप में हुई है। उसके 30 वर्षीय पति का नाम वेंकट नायक था। पुलिस ने उसके प्रेमी नितेश कुमार को भी गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के मुताबिक, 9 जनवरी को जब वेंकट बाहर था तो नंदिनी ने नितेश को घर बुलाया था। लेकिन वेंकट घर लौट आया और दोनों को रंगे हाथों पकड़ लिया। इसके बाद नंदिनी और वेंकट के बीच बहस शुरू हो गई। झगड़े के बीच नंदिनी और नितेश ने पीड़ित पर पत्थर से वार किया, जिससे उसकी मौत हो गई।

वे उसके शव को घसीटकर शौचालय के पास ले गए और वहां पत्थर रख दिया। फिर उसने पुलिस को फोन किया और दावा किया कि उसका पति शौचालय के पास गिर गया था और तेज धार वाले पत्थर पर उसका सिर टकराने से उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शुरुआत में अप्राकृतिक मौत का मामला दर्ज किया।

हालाँकि, पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट से पता चला कि यह हत्या का मामला था और प्रारंभिक जांच से यह भी पुष्टि हुई कि यह प्राकृतिक मौत नहीं थी। पुलिस ने नंदिनी को हिरासत में लिया और पूछताछ की तो उसने अपना अपराध कबूल कर लिया। जांच से यह भी पता चला कि नंदिनी और नितेश बचपन के दोस्त थे और आंध्र प्रदेश के सत्य साईं क्षेत्र के रहने वाले थे। उनके बीच प्रेम संबंध बन गए और जब भी नंदिनी का पति बाहर होता तो नितेश आंध्र प्रदेश से नंदिनी से मिलने आता था।

**उद्घाटन**



मुख्यमंत्री सिद्दरामैया ने शनिवार को कुडाला संगम में लिंगायत धर्म के स्थापना दिवस का उद्घाटन करते हुए।

**जागरुकता**



बेंगलूरु में मुख्यमंत्री सिद्दरामैया ने शनिवार को राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा जागरूकता माह का उद्घाटन किया।

# विजयन की बेटी के स्वामित्व वाली कंपनी की जांच ने आम चुनावों से पहले माकपा की बढ़ाई चिंता

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

तिरुवनंतपुरम। केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन की बेटी टी. वीणा के स्वामित्व वाली आईटी कंपनी के खिलाफ केंद्र द्वारा दिये गए जांच के आदेश ने लोकसभा चुनाव प्रचार के लिए तैयारी कर रही एवं राज्य में सत्तारूढ़ मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) की चिंता बढ़ा दी है। कॉरपोरेट कार्य मंत्रालय ने एक निजी खनिज कंपनी और वीणा की आईटी कंपनी के बीच वित्तीय लेन-देन की शिकायतों की जांच का आदेश दिया था, जिसने हाल में दक्षिणी राज्य में एक बड़ा राजनीतिक विवाद पैदा कर दिया था।

अधिकारियों ने पुष्टि की कि कॉरपोरेट कार्य मंत्रालय के महानिदेशक कार्यालय के एक संयुक्त निदेशक ने जांच का आदेश दिया है। यह कार्यालय कॉरपोरेट कार्य मंत्रालय के तहत आता है। संयुक्त निदेशक मोहम्मद शकील ने भेजे गए संदेशों का, या फोन करने पर कोई जवाब नहीं दिया। इस बीच, विपक्षी कांग्रेस ने इस विषय पर माकपा के राज्य नेतृत्व से स्पष्टीकरण मांगा है।

हालांकि, खनिज कंपनी और वीणा की आईटी कंपनी के बीच हुए वित्तीय लेन-देन का बचाव करते हुए कुछ महीने पहले एक प्रेस बयान जारी कर चुके माकपा राज्य सचिवालय का केंद्रीय जांच पर प्रतिक्रिया आना अभी बाकी है। वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) के संयोजक ई पी जयराजन ने कहा कि वह घटनाक्रम से अनभिज्ञ हैं, वहीं मंत्री पी राजीव और पी ए मोहम्मद रियास ने संवाददताओं के सवालों पर कोई स्पष्ट जवाब नहीं दिया।

लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) मंत्री और वीणा के पति रियास ने यहां संवाददाताओं से कहा, इन आरोपों में नया कुछ भी नहीं है। देखिये क्या होता है। प्रतिक्रिया के लिए कहे जाने पर जयराजन ने कहा कि केंद्र राजनीतिक लाभ और हित के लिए एजेंसियों का उपयोग कर रहा है और इस बारे में हमारे पास कई उदाहरण हैं। यह घटनाक्रम ऐसे वक्त हुआ है, जब वाम दल आगामी लोकसभा चुनावों के लिए कई चुनाव प्रचार कार्यक्रमों की योजना बना रहा है।

कंपनी से जुड़े मुद्दे को लेकर पिछले कुछ समय से मुख्यमंत्री पिनराई विजयन और उनकी बेटी के खिलाफ आरोप लगा रहे कांग्रेस विधायक मैथ्यू कुझालनदान ने शनिवार को कहा कि जब उन्होंने वीणा की आईटी कंपनी के खिलाफ आरोप लगाये थे, तब माकपा राज्य सचिवालय ने उनका बचाव करते हुए एक प्रेस बयान जारी किया था। उन्होंने कहा, प्रेस बयान में, उन्होंने आधिकारिक तौर पर वीणा का बचाव करते हुए कहा था कि यह दो कंपनियों के बीच एक पारदर्शी सौदा था और उनके लेन-देन में कुछ भी संदिग्ध नहीं है। कुझालनदान ने कहा, इसलिए, मैं वर्तमान संदर्भ में इस मामले पर माकपा राज्य सचिवालय की प्रतिक्रिया जानना चाहूंगा।

# स्टालिन ने अपने बेटे को उपमुख्यमंत्री बनाए जाने की अटकलों को 'अफवाह' बताया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के अध्यक्ष और तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने खुद को स्वस्थ बताते हुए शनिवार को उन अटकलों को 'अफवाह' करार दिया कि उनके बेटे उदयनिधि को राज्य का उपमुख्यमंत्री बनाया जा रहा है। स्टालिन ने कहा कि इस तरह की अफवाहें 21 जनवरी को सेलम में द्रमुक की युवा इकाई के प्रमुख उदयनिधि के नेतृत्व में होने वाले सम्मेलन का विरोध करने वालों द्वारा फैलाई जा रही हैं। मुख्यमंत्री ने पोंगल पर अपने शुभकामना संदेश में कहा कि ऐसे समय में जब राज्य भर के युवा सेलम के सम्मेलन के लिए तैयारी कर रहे हैं, अफवाह फैलाने वालों ने मेरे स्वास्थ्य के बारे में गलत जानकारी फैलाई। स्टालिन ने कहा कि वह शुक्रवार को यहां एक कार्यक्रम में शामिल हुए थे, जहां उन्होंने कहा था कि जब राज्य के लोग खुश होंगे तो उन्हें चिंता करने की कोई बात नहीं है। स्टालिन (70) ने कहा, मैं स्वस्थ और प्रसन्न हूं। मैं काम कर रहा हूं। उन्होंने कहा, इस झूठ के गलत साबित होने के बाद, सनसनी फैलाने के इरादे से अफवाह फैलाई जा रही थी कि उपमुख्यमंत्री पद दिया जा रहा है। स्टालिन ने कहा कि उदयनिधि ने भी इस पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा था कि सभी मंत्री मुख्यमंत्री का समर्थन कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा, पार्टी कार्यकर्ताओं का युवा इकाई के सम्मेलन से ध्यान नहीं भटकना चाहिए। सम्मेलन का उद्देश्य राज्य के अधिकारों और संघवाद की रक्षा करना है। जो लोग इसका विरोध कर रहे हैं, वे अफवाहें फैला रहे हैं।



# हर नागरिक का स्वास्थ्य बीमा सुनिश्चित करना हमारा प्रमुख लक्ष्य : शर्मा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की गरिमामयी उपस्थिति में राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में शनिवार को इलेक्ट्रो होम्योपैथी चिकित्सा परिषद का 13वां राष्ट्रीय सेमिनार आयोजित हुआ। विश्व इलेक्ट्रोपैथी दिवस पर 'रिनल डिस्ऑर्डर्स एंड इलेक्ट्रोपैथी एप्रोच' विषयक सेमिनार में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने दुनिया को पद्धति देने वाले काउंट सीजर मैटी को नमन किया। शर्मा ने कहा कि जनसेवा का श्रेष्ठ मार्ग चिकित्सा है। उन्होंने कहा कि इलेक्ट्रो-होम्योपैथी हर्बल चिकित्सा में औषधीय पौधों के रसों के जरिए उपचार किया जाता है। यह प्रभावी चिकित्सा पद्धति के रूप में उभर रही है। इलेक्ट्रोपैथी औषधियां विभिन्न रोगों के इलाज में प्रभावी साबित हुई हैं। शर्मा ने कहा कि काउंट सीजर मैटी मानते थे कि हमारा भोजन पेड़-पौधे ही हैं तो उपचार भी औषधीय पेड़-पौधों के जरिए खोजना चाहिए। राजस्थान में भी रोगियों का उपचार इस पद्धति से हो रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के लिए गौरव की बात है कि राजस्थान इलेक्ट्रोपैथी चिकित्सा पद्धति को मान्यता देने वाला देश में प्रथम राज्य है। सबसे पहले राजस्थान विधानसभा ने राजस्थान इलेक्ट्रोपैथी चिकित्सा पद्धति विधेयक, 2018 पारित किया। इस पद्धति को आगे बढ़ाने और रोगियों को उपचार उपलब्ध कराने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार इस संबंध में विशेषज्ञों की राय लेगी। इस पद्धति से जुड़े चिकित्सकों और संस्थाओं को पूरा सहयोग मिलेगा।

शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में नए एम्स खोलने के साथ ही आयुष मंत्रालय से नई आयुष पद्धतियों का निरंतर विकास हो रहा है। उनके द्वारा योग और स्वस्थ जीवनशैली के माध्यम से मानवता को निरोग और स्वस्थ रहने का संदेश दिया गया है। शर्मा ने कहा कि पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों से यूनिवर्सल हेल्थ कवरेज हासिल करने में मदद मिल रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आजादी के अमृतकाल में देश को स्वास्थ्य के क्षेत्र में अग्रणी बनाने के लिए सामूहिक प्रयत्न करने होंगे। उन्होंने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत स्वास्थ्य शिविर लगाए जा रहे हैं। राज्य में शिविरों के दौरान 83 लाख से अधिक लोगों की स्वास्थ्य जांच की जा चुकी है। शिविरों में 33 लाख से अधिक आयुष्मान कार्ड के लिए केवाईसी करने के साथ 77 हजार से अधिक आयुष्मान कार्ड जारी किए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का संकल्प मूलभूत चिकित्सा सेवाओं को जन-जन तक पहुंचाना है। आयुष्मान भारत योजना के तहत प्रदेश में प्रत्येक नागरिक का स्वास्थ्य बीमा सुनिश्चित करना ही हमारा प्रमुख लक्ष्य है।

सेमिनार में उपमुख्यमंत्री व आयुर्वेद मंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने कहा कि इस पद्धति को आगे बढ़ाने के लिए राज्य सरकार आवश्यक निर्णय लेगी। इस अवसर पर इलेक्ट्रो होम्योपैथी चिकित्सा परिषद की पुस्तिका का विमोचन और प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया गया। इस दौरान जयपुर शहर सांसद रामचरण बोहरा, चूरू सांसद राहुल कस्वां, विधायक कालीचरण सराफ, गोपाल शर्मा, परिषद के पदाधिकारी और इलेक्ट्रोपैथी पद्धति चिकित्सक सहित विशेषज्ञ उपस्थित थे।

## राजस्थान में सर्दी का दौर जारी, गंगानगर में घना कोहरा

जयपुर। राजस्थान में सर्दी का दौर जारी है, बीते चौबीस घंटे में अलवर व करौली में न्यूनतम तापमान 3.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जयपुर मौसम केंद्र के अनुसार बीते चौबीस घंटे में राजस्थान में मौसम शुष्क रहा। पूर्वी राजस्थान में कहीं-कहीं शीतलहर रही। गंगानगर व आसपास के इलाके में घना कोहरा छाया रहा। इस दौरान अलवर व करौली में न्यूनतम तापमान 3.9 डिग्री, धौलपुर में 4.5 डिग्री, जालोरी में 5.6 डिग्री, गंगानगर में 6.2 डिग्री व संगरिया में 6.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। राजधानी जयपुर में दो दिन से दिन में अच्छी धूप निकलने से लोगों को राहत मिली है।

## नाबालिग से दुष्कर्म के आरोप में दो लोगों को हिरासत में लिया

जयपुर। जयपुर में एक नाबालिग का कथित तौर पर अपहरण के बाद दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है और इस सिलसिले में पुलिस ने दो लोगों को हिरासत में लिया है। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि कथित घटना शुक्रवार रात की है जब पीड़िता घर के बाहर सैर कर रही थी, तभी मोहन लाल और राजू नामक दो युवकों ने उसे अगवा कर लिया। पुलिस उपाधीक्षक ने बताया, दोनों उसे जबरन दोपहिया वाहन पर बैठाकर बिसनगढ़-मनोहरपुर इलाके में अपने आवास पर ले गये, जहां उसके साथ दुष्कर्म किया गया।

पुलिस के अनुसार शिकायत में आरोप लगाया गया है कि कथित दुष्कर्म की वारदात को मोहन लाल ने अंजाम दिया जबकि राजू ने पीड़िता का अपहरण करने में मोहन की मदद की। सिंह ने बताया कि पीड़िता और उसके पिता की शिकायत के आधार पर भारतीय दंड संहिता और यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम की प्रासंगिक धाराओं में मामला दर्ज किया गया।



# राम राज्य का आदर्श भारत के संविधान में निहित : धनखड़

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शनिवार को कहा कि राम-राज्य का आदर्श भारत के संविधान में निहित है और संविधान निर्माताओं ने बहुत सोच समझ कर मौलिक अधिकारों के ऊपर राम, लक्ष्मण, सीता का चित्र रखा है। उपराष्ट्रपति धनखड़ जयपुर में आयोजित 'नेशनल इलेक्ट्रो होम्योपैथी' संगोष्ठी के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा, मुझे बहुत पीड़ा होती है जब कोई अज्ञानी इतिहास से अनभिज्ञ, यह हलफनामा दे देते हैं कि राम काल्पनिक है। उन्होंने कहा, राम और राम-राज्य का आदर्श भारत के संविधान में निहित है और संविधान के निर्माताओं ने इसको पराकाष्ठा पर रखा है।

सरकारी बयान के अनुसार अपने संबोधन में धनखड़ ने बताया कि हमारे संविधान में बीस से ज्यादा चित्र हैं और उनमें मौलिक अधिकारों के ऊपर जो चित्र है उसमें राम, लक्ष्मण, सीता हैं। जो लोग भगवान राम का निरादर कर रहे हैं वास्तव में वह हमारे संविधान निर्माताओं का अनादर कर रहे हैं। हमारे संविधान निर्माताओं ने बहुत सोच समझकर विवेकपूर्ण तरीके से प्रभु राम के उन चित्रों को वहां रखा है। बयान के अनुसार उपराष्ट्रपति ने कहा कि समाज तभी स्वस्थ रहेगा जब समाज के सभी अंग एक साथ रहेंगे। हमारी संस्कृति यही कहती है सब मिलकर काम करो एकजुटता से रहो।

उन्होंने कहा, जो लोग समाज को हिस्सों में बांटना चाहते हैं, तात्कालिक राजनीतिक फायदे के लिए जहर फैलाना चाहते हैं, वे ही 35 बनाम एक की बात करते हैं, 20 बनाम 10 की बात करते हैं। धनखड़ ने कहा कि ऐसे लोग समाज के दुश्मन नहीं, बल्कि खुद के भी दुश्मन हैं और उनका आचरण अमर्यादित ही नहीं, घातक है।

उन्होंने आगे कहा, मेरा आपसे अनुरोध है कि ऐसे तत्वों को सबक सिखाने की दरकार नहीं है, क्योंकि वह अपने हैं। उनको जागरूक करने की दरकार है, उनको समझाने की दरकार है, सही रास्ते पर लाने की दरकार है। यह काम संस्थागत तरीके से नहीं अपने पड़ोस में होना चाहिए, अपने समाज में होना चाहिए, जिस वर्ग से हम जुड़े हुए हैं वहां होना चाहिए। उन्होंने कहा कि हम सबका परम कर्तव्य है कि समाज को जोड़ने का कार्य करें।

बयान के अनुसार उपराष्ट्रपति ने राजस्थान के नये नेतृत्व के प्रति विश्वास जताया। उन्होंने भरोसा जताया कि नये नेतृत्व में राजस्थान प्रगति में देश का सर्वोच्च राज्य होगा। उपराष्ट्रपति ने उपस्थित लोगों से आग्रह किया कि वे भारतीयता और राष्ट्रवाद के लिए प्रतिबद्ध रहें। उन्होंने कहा कि राष्ट्रहित सदैव सर्वोपरि रहना चाहिए।

इस संदर्भ में उन्होंने लोगों को ऐसे तत्वों के विरुद्ध भी चेताया जो तात्कालिक राजनीतिक स्वार्थों के लिए समाज में बंटवारे और वैमनस्य के बीज डालते हैं, देश की उपलब्धियों को कमतर आंकते हैं और समाज में देश की प्रगति के बारे भ्रांतियां फैलाते हैं। उन्होंने किसानों से भी आग्रह किया कि वे अपने युवाओं को कृषि और कृषि संबंधित व्यवसाय अपनाने के लिए प्रोत्साहित करें। इस अवसर पर राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा तथा उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा भी उपस्थित रहे। उपराष्ट्रपति ने अपनी जयपुर यात्रा के दौरान राजस्थान के पूर्व उप-मुख्यमंत्री हरिशंकर भाभड़ा के घर जाकर उनकी कुशलक्षेम जानी।



# प्राण प्रतिष्ठा समारोह में भी 'तुष्टीकरण' देख रही है कांग्रेस : सीपी जोशी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की राजस्थान इकाई के अध्यक्ष सी पी जोशी ने शनिवार को कहा कि अयोध्या में राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में भाग लेने से कांग्रेस का इनकार करना दर्शाता है कि वह इसमें भी तुष्टीकरण देख रही है। जोशी ने यहां संवाददाताओं से कहा, आखिर कांग्रेस को भगवान राम के नाम से तकलीफ क्या है? यह वही कांग्रेस पार्टी है जिसने उच्चतम न्यायालय में हलफनामा दिया था कि राम काल्पनिक हैं। यही कांग्रेस पार्टी है जिसने सनातन को डेंगू, मलेरिया एवं एड्स कहा।

जोशी ने कहा कि कांग्रेस को इस कार्यक्रम में आना चाहिए जिससे उसके सारे पाप धुल जाएंगे। उन्होंने मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को भाजपा द्वारा राजनीति का आयोजन बनाए जाने संबंधी आरोपों को लेकर कहा, भगवान राम देश और दुनिया के करोड़ों लोगों की आस्था का प्रतीक है।

उन्होंने कहा,... ऐसे में इस कार्यक्रम का भी विरोध करना दर्शाता है कि आपको कहीं न कहीं यहां भी तुष्टीकरण दिख रहा है। उल्लेखनीय है कि कांग्रेस ने अयोध्या में 22 जनवरी को राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल होने का निमंत्रण अस्वीकार कर दिया है। कांग्रेस इस कार्यक्रम को राजनीतिक कार्यक्रम करार दे रही है।

पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने भी कहा था कि भाजपा ने भगवान राम के कार्यक्रम को अपने राजनीतिक फायदे का आयोजन बना दिया है।

## लोकसभा चुनाव की तैयारियों के लिए भाजपा की बैठक

जयपुर। लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की प्रदेश स्तरीय संगठनात्मक बैठक शनिवार को यहां दूसरे दिन भी जारी रही। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने बताया कि पार्टी में संगठनात्मक बैठक लगातार होती रहती हैं। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर कुछ कार्यक्रम तय किये गये हैं। कांग्रेस द्वारा भी दिल्ली में इसी तरह की बैठक किए जाने के सवाल पर जोशी ने कहा, कांग्रेस हमेशा हवा में काम करती है जबकि भाजपा जमीन पर काम करने वाली पार्टी है। न सिर्फ सरकार के काम को जनता तक पहुंचाया जाएगा, बल्कि सेवा के कामों में भी भाजपा सबसे आगे रहती है।

राज्य में नवगठित भाजपा सरकार का एक महीना पूरा होने पर जोशी ने कहा कि मुख्यमंत्री ने एक महीने में जनता के हित में कई बड़े फैसले किए है। उन्होंने कहा कि चुनाव में भाजपा ने जो संकल्प व्यक्त किए उन्हें पूरा किया जाएगा।



# भगवान राम के अभिषेक के लिए अलवर से अयोध्या गया 125 किलो शहद

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

अलवर। अयोध्या में 22 जनवरी को भव्य राम मंदिर में रामलला विराजमान होने जा रहे हैं। 16 जनवरी से भगवान राम का प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम शुरू होगा। इस दौरान अलवर के शहद से भगवान राम का अभिषेक किया जाएगा। सवा सौ किलो शहद लेकर रथ शनिवार को जगन्नाथ मन्दिर से रवाना किया गया। रविवार को यह रथ अयोध्या पहुचेगा। वन मंत्री संजय शर्मा ने जगन्नाथ मंदिर में पूजा अर्चना कर भगवा झंडी दिखाकर रथ को रवाना किया।

विश्व हिंदू परिषद जिला अध्यक्ष दिलीप मोदी ने बताया अलवर के लिए यह सौभाग्य की बात है की अलवर के शहद से भगवान राम का अभिषेक होगा। साधु संतों की तरफ से उनकों राम मंदिर में जाने का न्योता मिला है। इसी दौरान उनको पता चला की राम मंदिर समिति ट्रस्ट को शुद्ध शहद की आवश्यकता है। इस पर उन्होंने समिति के पदाधिकारी से बातचीत की। तो उन्होंने शहद भेजने के लिए कहा। यह शहद जितेंद्र गौतम की तरफ से तैयार किया गया है। भगवान के स्नान में पंचामृत का बहुत महत्वपूर्ण स्थान होता है। जिसमें दूध, दही, मधु, घी और शक्कर होता है। इसमें चौथे स्थान पर मधु आती है। आजकल वैद्य व डॉक्टर भी शहद का सेवन बताते हैं। शरीर में चमक लाने के लिए मधु का सेवन किया जाए। वेंकटेश्वर बालाजी मंदिर में भगवान के चरणों में शहद का पूजन हुआ। मंदिर से विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ता शहद रथ लेकर अयोध्या के लिए रवाना हुए।

## सभी वाहनों पर हाई सिक्योरिटी नम्बर प्लेट लगाना अनिवार्य

उदयपुर। राजस्थान में एक अप्रैल 2019 से पहले खरीदे गए सभी प्रकार के वाहनों पर अब हाई सिक्योरिटी नम्बर प्लेट लगाना अनिवार्य होगा। प्रादेशिक परिवहन अधिकारी पी एल बामनिया ने शनिवार को बताया कि पुराने वाहनों पर हाई सिक्योरिटी नम्बर प्लेट लगवाने के लिए एसआईएएम के पोर्टल पर ऑनलाईन आवेदन किया जा सकेगा। उन्होंने बताया कि अप्रैल 2019 से पहले उपलब्ध नम्बर प्लेटों के साथ आसानी से छेड़छाड़ की जा सकती थी या उन्हें आसानी से हटाया जा सकता था। ऐसे में पुलिस और परिवहन अधिकारियों को किसी अपराध में संलिप्त वाहनों को ट्रेक करना असंभव हो जाता था। अब हाई सिक्योरिटी नम्बर प्लेट लग जाने से वाहनों की चोरी और अन्य अपराधों में कमी आएगी क्योंकि ये केवल एक बार ही प्रयोग की जा सकती है और वाहन में लगने के बाद खुलती नहीं है, बल्कि इनके हिंज को काटना पड़ता है।

उन्होंने बताया कि वाहन मालिक एसआईएएम पोर्टल पर वाहन का रजिस्ट्रेशन नम्बर, इंजन नम्बर, चेसिस नम्बर डाल कर प्लेट लगवाने के लिए डीलर और डेट बुक कर सकेंगे। ऑनलाईन फीस जमा कर बुकिंग कन्फर्म हो जाएगी तथा वाहन स्वामी निर्धारित तिथि पर डीलर के कार्यालय में जाकर नम्बर प्लेट लगवा सकेंगे। इसके लिए परिवहन विभाग ने दरें निर्धारित की है। डीलर्स को इन दरों के आधार पर ही नम्बर प्लेट लगानी होगी।

निर्धारित दर से अधिक राशि वसूल करने पर डीलर के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। हाई सिक्योरिटी नम्बर प्लेट लगाने के लिए विभाग ने समय सीमा निर्धारित कर दी है। विभागीय परिपत्र के अनुसार ऐसे वाहन जिनके पंजीयन क्रमांक का अंतिम अंक 1 या 2 है वे 29 फरवरी तक, जिनके पंजीयन क्रमांक का अंतिम अंक 3 या 4 है वे 31 मार्च तक, जिनके पंजीयन क्रमांक का अंतिम अंक 5 या 6 है वे 30 अप्रेल तक, जिनके पंजीयन क्रमांक का अंतिम अंक 7 या 8 है वे 31 मई तक एवं जिनके पंजीयन क्रमांक का अंतिम अंक 9 या 0 है वे 30 जून 2024 तक हाई सिक्योरिटी नम्बर प्लेट लगवा सकेंगे। इस अवधि के बाद जिन वाहनों पर हाई सिक्योरिटी नम्बर प्लेट नहीं लगी पाई गई उनके विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम के तहत दंडनीय कार्रवाई की जायेगी।

# एसएमएस अस्पताल की व्यवस्थाओं को पेशेंट-फ्रेण्डली बनाने के निर्देश

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य तथा चिकित्सा शिक्षा विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव श्रीमती शुभ्रा सिंह शनिवार को सवाई मानसिंह अस्पताल पहुंची और अस्पताल की व्यवस्थाओं को लेकर अधिकारियों की बैठक ली। श्रीमती सिंह ने कहा कि हम सबका दायित्व है कि अस्पताल में आने वाले रोगियों को बेहतरीन स्वास्थ्य सेवाएं सुगमतापूर्वक मिलें। इसमें किसी स्तर पर कोताही बर्दाश्त नहीं की जा सकती। उन्होंने निर्देश दिए कि अस्पताल की व्यवस्थाएं रोगी केंद्रित हो। यह ध्यान रखा जाए कि मरीज और उनके परिजनों को जांच, दवा, उपचार सहित अन्य सुविधाओं को लेकर परेशानी का सामना नहीं करना पडे।



श्रीमती सिंह ने अस्पताल की व्यवस्थाओं को पेशेंट फ्रेण्डली बनाने पर जोर देते हुए कहा कि अस्पताल में मिलने वाली सुविधाओं में तकनीक का अधिक से अधिक उपयोग कर ऑटोमेशन मोड में लाया जाए। संवेदनशील और मानवीय एप्रोच रखते हुए मिशन मोड में व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने का प्रयास करें। एक्शन प्लान बनाएं और टाइमलाइन निर्धारित कर उस काम को समय पर पूरा करें। उन्होंने अस्पताल में चिकित्सकों, पैरामेडिकल एवं अन्य स्टाफ के लिए बायोमैट्रिक सिस्टम शीघ्र शुरू करने के निर्देश दिए।

अतिरिक्त मुख्य सचिव ने कहा कि रोगियों और उनके परिजनों को रेफरेंस के लिए सवाई मानसिंह अस्पताल आना पड़ता है। आमतौर इसके लिए उन्हें अस्पताल के विभिन्न विभागों के चक्कर लगाने पड़ते हैं। इससे न केवल उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ता है, बल्कि उपचार में भी देरी होती है। उन्होंने रेफरेंस सुविधा को आगामी तीन दिन में ऑनलाइन करने के निर्देश दिए। साथ ही, बिलिंग सिस्टम को भी अतिशीघ्र ऑनलाइन करने एवं बार कोड आदि लगाए जाने के निर्देश दिए, ताकि रोगी एवं उनके परिजनों को अस्पताल के एक हिस्से से दूसरे हिस्से में जाने की परेशानी से मुक्ति मिले।

श्रीमती सिंह ने कहा कि अस्पताल में साफ-सफाई की व्यवस्था दुरूस्त रहे। कहीं भी गंदगी नजर नहीं आनी चाहिए। उन्होंने कहा कि अस्पताल के सभी भवनों में टॉयलेट्स के रखरखाव एवं साफ-सफाई का काम सुलभ संस्था के माध्यम से कराया जाना सुनिश्चित करें। साथ ही, साफ-सफाई के कार्य की नियमित मॉनिटरिंग की जाए। उन्होंने उपचार के लिए आने वाले रोगियों के परिजनों के ठहरने के लिए भी समुचित व्यवस्थाएं किए जाने के निर्देश दिए। श्रीमती सिंह ने कहा कि अस्पताल परिसर में सुरक्षा एवं मॉनिटरिंग की दृष्टि से सीसीटीवी कैमरों की संख्या बढ़ाई जाए।

बैठक में बताया गया कि अस्पताल के विभिन्न विभागों में जांच एवं उपचार के लिए महंगे उपकरण उपलब्ध हैं, लेकिन मानव संसाधन की कमी के चलते उनका पूरा उपयोग नहीं हो पाने से रोगियों को इंतजार करना पड़ता है। इस पर अतिरिक्त मुख्य सचिव ने आवश्यक मानव संसाधन के लिए प्रस्ताव शीघ्र भिजवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अस्पताल के सुचारू संचालन के लिए आवश्यक मानव संसाधन की रिपोर्ट तैयार की जाए। अतिरिक्त मुख्य सचिव ने अस्पताल में मुख्यमंत्री निशुल्क दवा योजना एवं निशुल्क निरोगी राजस्थान योजना के तहत दवाओं की उपलब्धता एवं आपूर्ति की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि दवा केंद्रों पर आवश्यक दवा सूची में उपलब्ध दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। इसके लिए मांग एवं आपूर्ति की व्यवस्था में कोई गेप नहीं रहे। उन्होंने अस्पताल परिसर में प्रधानमंत्री जनऔषधि केंद्र स्थापित किए जाने के भी निर्देश दिए।

# आसमान में उड़ने का पहला अधिकार परिन्दों का : कुमावत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर।प्रदेश में पशु कल्याण के क्षेत्र में कार्यरत वर्ल्ड संगठन, एनिमल वैल्फेयर बोर्ड ऑफ इंडिया, राज्य जीव जन्तु कल्याण बोर्ड, पशुपालन विभाग तथा जयपुर जिला पशु क्रूरता निवारण समिति के संयुक्त तत्वावधान में 15 जनवरी को मकर संक्रान्ति के अवसर पर पतंगों की डोर से घायल परिन्दों को बचाने के लिए 'आपरेशन फ्री स्काई' अभियान चलाया जा रहा है। विद्यार्थियो एवं आमजन को इस मुहिम मे सक्रिय रूप से जोडने के उद्देश्य से पशुपालन मंत्री जोराराम कुमावत तथा राज्य जीव जन्तु कल्याण बोर्ड के सदस्य एवं भारतीय जीव जन्तु कल्याण बोर्ड के प्रतिनिधि मनीष सक्सेना ने 'ऑपरेशन फ्री स्काई' अभियान पर विशेष पोस्टर का विमोचन किया।

इस अवसर पर पशुपालन मंत्री जोराराम कुमावत ने कहा कि परिन्दों के आसमान मे उड़ने की आजादी में हमें बाधक नहीं बनना चाहिए क्योंकि आसमान मे उड़ने का पहला अधिकार परिन्दों का है तथा मकर संक्रान्ति के अवसर पर घायल परिन्दों को बचाने के लिए सभी को मिलकर प्रयास करना चाहिए। पशुपालन मंत्री जोराराम कुमावत ने समस्त शहरवासियो से अपील की है कि पक्षियो के उडने के पीक आवर्स सुबह 6 से 8 और शाम 5 से 7 बजे के बीच पतंगबाजी ना करे व चाइनीज मांझे से पतंग ना उडाये।

राज्य जीव जन्तु कल्याण बोर्ड के सदस्य मनीष सक्सेना ने बताया कि मकर संक्रान्ति के पर्व पर उड़ाई जाने वाली पतंगों की डोर में फंसने से हजारो पक्षी घायल हो जाते हैं तथा चिकित्सकीय सुविधा के आभाव में दम तोड़ देते हैं। मनीष सक्सेना ने नागरिको से अपील की है कि वह घायल परिंदो को तुरन्त चिकित्सीय सुविधा उपलब्ध कराने मे मदद करे। मासूम परिंदो को बचाने के लिए पशुपालन विभाग एवं वर्ल्ड संगठन शहरवासियो को इस मुहिम से जोडकर घायल पक्षियो को तुरन्त प्राथमिक उपचार दिलवाने मे सहायता प्रदान कर रहा है जिसके लिए 20 क्षेत्रीय बर्ड रेस्क्यू सेंटर स्थापित किए गए हैं।

पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक एवं जिला पशु क्रूरता निवारण समिति के सदस्य सचिव डॉ. प्रवीण कुमार सेन ने बताया कि शहर को 20 क्षेत्रो मे बाँटकर 'क्षेत्रीय बर्ड रेस्क्यू सेन्टर' बनाए गए है जिसमे 21 पशुचिकित्सक तथा पक्षी मित्र अपनी सेवाऐ प्रदान करेगे। साथ ही समस्त शहरवासियो से अपील की जाती है कि घायल पक्षी दिखने पर वह सम्बन्धित क्षेत्र के 'क्षेत्रीय पशुचिकित्सालय' मे प्रातः 9 से 6 बजे तक उन्हऐ पहुँचाकर उपचार दिलवाएं।

# ‘वर्चुअल’ गठबंधन ‘वर्चुअल’ बैठक कर रहा: नड्डा ने ‘इंडिया’ पर कसा तंज




दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अध्यक्ष जे. पी. नड्डा ने विपक्षी गठबंधन ‘इंडि’ पर कटाक्ष करते हुए शनिवार को कहा कि यह एक ‘वर्चुअल’ गठबंधन है, जो महज औपचारिकता लिए ‘वर्चुअल’ बैठकें कर रहा है और इसके नेताओं का दो-सूत्रीय एजेंडा अपने परिवारों और संपत्ति को बचाना है। नड्डा ने पहली बार मतदान में हिस्सा लेने वाले युवकों से जुड़ने के मकसद से ‘नमो नवमतदाता अभियान’ शुरू करने के लिए भारतीय जनता युवा मोर्चा की ओर से आयोजित एक बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी विकसित भारत, युवाओं, किसानों एवं महिलाओं को सशक्त बनाने और गरीबी दूर करने के लिए काम कर रहे हैं, जबकि विपक्ष ‘‘मोदी हटाओ’’ की बात करता है।

नड्डा ने कहा कि उन्होंने जब ‘इंडि’ में शामिल दलों की बैठक के बारे में पूछा तो उन्हें बताया गया कि वे ‘वर्चुअल’ तरीके से मुलाकात कर रहे हैं। उन्होंने कहा, एक ‘वर्चुअल’ गठबंधन केवल ‘वर्चुअल’ बैठकें करेगा। यह औपचारिकताओं के लिए ऐसा करेगा।

नड्डा ने ममता बनर्जी, शरद पवार, फारूक अब्दुल्ला और एम के. स्टालिन सहित अन्य नेताओं पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि अब इस दुनिया को अलविदा कर चुके एम. करुणानिधि और प्रकाश सिंह बादल समेत कई नेता हमेशा अपने बच्चों के राजनीतिक भविष्य को लेकर चिंतित रहते थे। उन्होंने सवाल किया कि क्या अखिलेश यादव को अपनी पत्नी और लोकसभा सदस्य डिंपल यादव की चिंता नहीं है? नड्डा ने दावा किया कि वे सभी किसी न किसी मामले में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) या प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की जांच का सामना कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि वे भ्रष्टाचार करते हैं, लेकिन जांच एजेंसियों को अपशब्द कहते हैं।

उन्होंने कांग्रेस के दो पूर्व अध्यक्षों- सोनिया गांधी और राहुल गांधी का जिक्र करते हुए कहा कि दोनों जमानत पर हैं। नड्डा ने कहा कि मोदी ने ‘सबका साथ, सबका विकास’ पर जोर देकर राजनीति को फिर से परिभाषित किया है और विपक्षी दलों के पास कोई मुद्दा नहीं बचा है। उन्होंने कहा, वे यह समझ नहीं पा रहे कि उन्हें कौन से मुद्दे उठाने चाहिए।

## खराब मौसम के कारण ढाका ले जाया गया विमान गुवाहाटी पहुंचा

**गुवाहाटी/मुंबई/भाषा।** खराब मौसम के कारण बांग्लादेश की राजधानी ढाका ले जायी गई मुंबई-गुवाहाटी उड़ान शनिवार को यहां ‘लोकप्रिय गोपीनाथ बोरदोलोई’ अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पहुंच गई।

अधिकारियों ने बताया कि विमान शुक्रवार रात यहां पहुंचना था लेकिन यह आज 11 बजकर 10 मिनट पर उतरा। उसने ढाका से 10 बजकर 54 मिनट (बांग्लादेशी समय के अनुसार) पर उड़ान भरी थी। इंडिगो की प्रवक्ता ने कहा कि मुंबई से गुवाहाटी जा रही इंडिगो की उड़ान 5319 का मार्ग गुवाहाटी में खराब मौसम के कारण बांग्लादेश के ढाका की ओर परिवर्तित करना पड़ा था और ‘‘शुरुआत में लैंडिंग के लिए कोलकाता और भुवनेश्वर पर विचार किया गया। उसने कहा, खराब मौसम के कारण कोलकाता में विमान उतारना संभव नहीं था जबकि भुवनेश्वर में रनवे बंद था इसलिए विमान को ढाका ले जाना पड़ा। विमान को ढाका से गुवाहाटी ले जाने के लिए चालक दल के एक वैकल्पिक समूह की व्यवस्था की गई।

एयरलाइन ने कहा, यात्रियों को लगातार जानकारियां दी गईं और उन्हें भोजन उपलब्ध कराया गया। हमें असुविधा के लिए खेद है। विमान में सवार अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के प्रतिनिधि सूरज सिंह ठाकुर ने ‘एक्स’ पर एक पोस्ट में कहा, आखिरकार गुवाहाटी में उतर गए। 12 घंटे की उड़ान के बाद मुझे यूरोप पहुंचने की उम्मीद थी लेकिन गुवाहाटी में आकर मैं खुश हूं। मेरा देश महान। शुक्रिया इंडिगो6ई। प्रदेश युवा कांग्रेस के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष ने इससे पहले ‘एक्स’ पर कहा था, मैं मुंबई से गुवाहाटी जाने के लिए इंडिगो 6ई 5319 उड़ान में सवार हुआ लेकिन घने कोहरे के कारण विमान गुवाहाटी नहीं पहुंचा।



# पश्चिम बंगाल के पुरुलिया में साधुओं पर ‘हमले’ को लेकर राजनीतिक विवाद उत्पन्न हुआ

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**पुरुलिया/कोलकाता/भाषा।** पश्चिम बंगाल के पुरुलिया में तीन साधुओं पर एक भीड़ द्वारा इस संदेह में हमला किए जाने का एक कथित वीडियो सामने आया है कि वे साधु के भेष में अपहरणकर्ता थे। इसको लेकर राजनीतिक विवाद उत्पन्न हो गया और विपक्षी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने राज्य में कानून-व्यवस्था ध्वस्त होने का आरोप लगाया। इस बीच, टीएमसी ने भाजपा पर घटना को सांप्रदायिक रंग देने की कोशिश करने का आरोप लगाया।

वीडियो की प्रामाणिकता का ‘पीटीआई-भाषा’ की ओर से स्वतंत्र रूप से सत्यापन नहीं किया जा सका है। इस कथित वीडियो में गंगासागर मेले के लिए जा रहे साधुओं के साथ काशीपुर में लोगों के एक समूह द्वारा धक्का-मुक्की करते देखा जा सकता है।

पुरुलिया पुलिस ने सोशल मीडिया मंच ‘एक्स’ पर एक पोस्ट में कहा कि यह घटना गलतफहमी के कारण हुई। उसने कहा, पुरुलिया में हाल की एक घटना के बारे में कुछ हलकों से तथ्यों को गलत तरीके से पेश किया जा रहा है। तथ्य यह है कि 11.01.24 की दोपहर को काशीपुर के पास तीन स्थानीय नाबालिग लड़कियों के साथ गंगासागर जाने वाले तीन साधुओं के बीच भाषा की दिक्कता के चलते गलतफहमी हो गई थी।

उसने कहा, लड़कियां डर गईं और स्थानीय लोगों ने साधुओं के साथ मारपीट की, उनके वाहन को क्षतिग्रस्त कर दिया और अपहरण के प्रयास का आरोप लगाया। स्थानीय पुलिस ने तुरंत हस्तक्षेप किया और साधुओं को बचाया।

पुलिस ने कहा कि इस संबंध में एक विशेष मामले के आधार पर 12 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। उसने कहा, साधुओं को हर संभव सहायता प्रदान की गई। घटना के संबंध में किसी भी तरह का सांप्रदायिक रंग नहीं है। सांप्रदायिक भावनाएं भड़काने की कोशिश करने वाले किसी भी व्यक्ति से कानून के मुताबिक सख्ती से निपटा जाएगा।

पुरुलिया पुलिस की पोस्ट को टीएमसी मीडिया प्रकोष्ठ द्वारा भी प्रसारित किया गया।

## विपक्षी गठबंधन ‘इंडिया’ अहंकार, अभिमान से प्रेरित: केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**कोलकाता/भाषा।** केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने शनिवार को विपक्षी गठबंधन ’इंडि’ पर हमला करते हुए उसकी एकजुटता, नेतृत्व और नीति पर सवाल उठाए। केंद्रीय मंत्री का यह बयान सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के खिलाफ एकजुट मोर्चा पेश करने के गठबंधन के प्रयासों की पृष्ठभूमि में आया है।

ठाकुर ने यहां शनिवार को कहा,’’यह कैसा गठबंधन है। यह अहंकार और अभिमान से प्रेरित है जहां नेता एक-दूसरे के साथ संवाद करने से भी इंकार करते हैं। उन्होंने अधीर चौधरी, ममता बनर्जी और अन्य प्रमुख नेताओं की अलग-अलग राय को उजागर करते हुए गठबंधन के भीतर विसंगतियों की ओर इशारा किया। केंद्रीय मंत्री ने कहा, इसमें कोई समन्वय नहीं है। वे किसी भी बात पर सहमत नहीं हैं। यह अहंकारी गठबंधन आगे नहीं बढ़ सकता। ठाकुर ने गठबंधन में स्पष्ट नेता या नीति की कमी पर सवाल उठाया। उन्होंने कहा, उनके पास कोई नीति नहीं है और न ही कोई नेता है। पहले दिन से ही इसकी खामियां स्पष्ट हैं।

# रामराज की स्थापना के लिए निषाद समाज मोदी के नेतृत्व में एनडीए के साथ : यादव

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**लखनऊ/भाषा।** केन्द्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु मंत्री भूपेन्द्र यादव ने शनिवार को दावा करते हुए कहा कि निषाद समाज रामराज की स्थापना के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के साथ है।

भूपेन्द्र यादव ने राजधानी लखनऊ के रमाबाई आंबेडकर रैली मैदान में शनिवार को निर्बल इंडियन शोषित हमारा आम दल (निषाद) के 11वें संकल्प दिवस पर आयोजित रैली को संबोधित करते हुए कहा, निषाद समाज भक्ति, समर्पण और त्याग की मिसाल है। इसी कारण वन गमन के दौरान प्रभु श्रीराम ने पग-पग-डगर-डगर पर समाज के हाशिये पर खड़े समाज और व्यक्ति को गले लगाया। केंद्रीय मंत्री ने कहा, भगवान राम के वनवास के समय निषाद राज ने मदद की थी।

रैली के बाद भूपेन्द्र यादव ने सोशल मीडिया मंच ‘एक्स’ पर अपने पोस्ट में कहा, आज की सभा का जनसैलाब यह बता रहा था कि यह समाज राम राज की स्थापना के लिए नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में एनडीए के साथ मजबूती से खड़ा है। रैली में यादव ने भरोसा देते हुए कहा, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार निषाद समाज की समस्याओं को दूर करेगी। निषाद समाज ने भाजपा को मजबूती प्रदान की है और मोदी को प्रधानमंत्री बनाने में सहयोग किया है।

रैली को संबोधित करते हुए निषाद पार्टी के प्रमुख और उप्र सरकार के मंत्री डॉ. संजय निषाद ने कहा, कांग्रेस की पूर्ववर्ती केंद्र सरकार ने 67 वर्षों में पूरे देश के मछुआ समाज के लिए केवल तीन हजार करोड़ रुपए आवंटित किए थे, जबकि केंद्र की मोदी सरकार ने केवल नौ वर्षों में 39 हजार करोड़ रुपए मछुआ समाज के लिए आवंटित किए हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री स्वयं निषाद समाज की चिंता करते हैं और निषाद समाज के सभी लंबित मुद्दों को लेकर भी गंभीर है। पूर्व की समाजवादी पार्टी (सपा), बहुजन समाज पार्टी (बसपा) एवं कांग्रेस की सरकारों ने निषाद समाज को मुद्दों से भटकाने का कार्य किया है।



# ‘भारत जोड़ो न्याय यात्रा’ वैचारिक यात्रा, चुनावी नहीं : कांग्रेस

**इंफ़ाल/भाषा।** कांग्रेस ने अपनी ’भारत जोड़ो न्याय यात्रा ’ की शुरुआत से एक दिन पहले शनिवार को दावा किया कि यह यात्रा चुनावी नहीं, बल्कि वैचारिक यात्रा है तथा यह पिछले 10 साल के ’अन्याय काल’ के खिलाफ निकाली जा रही है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने भारतीय जनता पार्टी(भाजपा) पर निशाना साधते हुए यह भी कहा कि आज देश के सामने एक ऐसी विचारधारा की चुनौती है जो ध्रुवीकरण, अमीरों को और अमीर बनाने तथा राजनीतिक तानाशाही में विश्वास करती है। कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि देश में अब लोकतंत्र कम, एक तंत्र’ ज्यादा है। उन्होंने संवाददाताओं से कहा, पहले कांग्रेस ने ’भारत जोड़ो यात्रा’ निकाली थी जो देश की राजनीति के लिए परिवर्तनकारी क्षण लेकर आयी...पहला कदम ’भारत जोड़ो यात्रा’ था और दूसरा कदम ’भारत जोड़ो न्याय यात्रा’ है।

रमेश ने दावा किया, आजकल प्रधानमंत्री देश को अमृतकाल के सुनहरे सपने दिखा रहे हैं, जबकि हकीकत यह है कि पिछले 10 साल अन्याय काल निकले। अन्याय काल की कोई बात नहीं होती, सिर्फ अमृतकाल की बड़ी बड़ी बातें होती हैं।



## वैष्णव ने गोपीनाथपुर नीलगिरि-बालासोर रेलवे लाइन का उद्घाटन किया, मेमू ट्रेन को हरी झंडी दिखाई

**बालासोर (ओडिशा)/भाषा।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को गोपीनाथपुर नीलगिरि-बालासोर यात्री रेलवे लाइन के 18 किलोमीटर लंबे खंड का उद्घाटन किया और एक नई शुरू की गई मेमू ट्रेन को हरी झंडी दिखाई। रेलवे के एक अधिकारी ने कहा कि दक्षिण-पूर्व रेलवे संभाग में गोपीनाथपुर नीलगिरि से बालासोर के बीच मेमू ट्रेन एक दिन में तीन बार संचालित होगी। गोपीनाथपुर नीलगिरि रेलवे स्टेशन पर ट्रेन को हरी झंडी दिखाने के बाद वैष्णव ने कहा कि नरेन्द्र मोदी नीत केंद्र सरकार के तहत ओडिशा को रेलवे बुनियादी ढांचे के विकास के लिए हर साल औसतन 10,000 करोड़ रुपए मिलते हैं जबकि संप्रग सरकार के तहत राज्य के लिए आवंटन राशि बहुत कम थी। उन्होंने कहा कि रेलवे ढांचे के विकास के लिए ओडिशा पर मोदी का विशेष ध्यान है।

मंत्री ने दावा किया, जहां रेल पटरी का औसत विस्तार पहले केवल 25 से 30 किलोमीटर प्रति वर्ष होता था, अब राष्ट्रीय नेटवर्क में यह एक वर्ष में 450 किलोमीटर से अधिक हो गया है। ओडिशा में रेलवे परियोजनाओं का जिक्र करते हुए वैष्णव ने कहा कि जलेश्वर-चंदनेश्वर रेल मार्ग सर्वेक्षण का काम पूरा हो चुका है और इसे जल्द ही पश्चिम बंगाल के दिघा तक बढ़ा दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि बालासोर जिले के खातापाड़ा में एक नया रेलवे फ्लाईओवर भी शुरू किया जाएगा। दक्षिण-पूर्व रेलवे के एक अधिकारी ने कहा कि 14 जनवरी से गोपीनाथपुर नीलगिरि-बालासोर के बीच रोजाना तीन जोड़ी मेमू यात्री विशेष ट्रेन चलेंगी।

# संयोजक पद पर ‘इंडि’ गठबंधन में कोई विवाद नहीं, कोई चेहरा पेश करने की जरूरत नहीं : पंवार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**मुंबई/भाषा।** राकांपा अध्यक्ष शरद पवार ने शनिवार को कहा कि ‘इंडि’ गठबंधन के सदस्यों के बीच संयोजक की नियुक्ति को लेकर कोई विवाद नहीं है, लेकिन उन्होंने यह भी कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव के लिए कोई चेहरा पेश करने की जरूरत नहीं है क्योंकि परिणाम घोषित होने के बाद नेता का चुनाव किया जा सकता है। उन्होंने कहा शनिवार को हुई ‘इंडि’ गठबंधन के नेताओं की डिजिटल बैठक के दौरान संयोजक पद के लिए बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का नाम सुझाया गया, लेकिन उन्होंने (कुमार ने) राय व्यक्त की कि पार्टी प्रमुखों की एक टीम बनाई जानी चाहिए और संयोजक नियुक्त करने की कोई आवश्यकता नहीं है।

डिजिटल बैठक के दौरान ‘इंडि’ गठबंधन के नेताओं ने गठबंधन के विभिन्न पहलुओं और अप्रैल-मई में होने वाले लोकसभा चुनाव की तैयारियों पर चर्चा की।

पवार ने बैठक में भाग लेने के बाद पुणे जिले के जुन्नार में संवाददाताओं से कहा, गठबंधन के सदस्यों द्वारा (बैठक के दौरान) एक सुझाव दिया गया कि नीतीश कुमार को इसका संयोजक नियुक्त किया जाए, लेकिन उन्होंने (कुमार ने) कहा कि पार्टी प्रमुखों की एक टीम का गठन किया जाना चाहिए और संयोजक नियुक्त करने की कोई आवश्यकता नहीं है।

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के अध्यक्ष ने कहा, वोट मांगने के लिए किसी चेहरे को आगे करने की जरूरत नहीं है। हम चुनाव के बाद नेता का चयन करेंगे और हमें विकल्प उपलब्ध कराने का भरोसा है। 1977 में मोरारजी देसाई को विपक्ष द्वारा प्रधानमंत्री पद के चेहरे के रूप में पेश नहीं किया गया था। उन्होंने कहा कि यह एक सकारात्मक संकेत है कि कई दल एक साथ आ रहे हैं।

पवार ने कहा कि वह पूरी डिजिटल बैठक में शामिल नहीं हो सके क्योंकि उनकी कुछ अन्य पूर्व निर्धारित व्यस्तताएं थीं। उन्होंने कहा, उम्मीदवारों (लोकसभा चुनाव के लिए) के बारे में चर्चा नहीं हुई... हम सीट-बंटवारे पर चर्चा करेंगे। महाराष्ट्र में लोकसभा सीट को लेकर सीट-बंटवारे पर चर्चा हुई और इसे अंतिम रूप दिए जाने के बाद हम घोषणा करेंगे।

## ‘इंडिया’ गठबंधन की बैठक में नीतीश को संयोजक बनाने का प्रस्ताव आया था : संजय झा



**पटना/भाषा।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के एक करीबी सहयोगी ने पुष्टि की कि जनता दल (यूनाइटेड) प्रमुख को ‘इंडि’ गठबंधन का संयोजक बनाने का ‘प्रस्ताव’ डिजिटल माध्यम से हुए गठबंधन नेताओं की बैठक में आया था।

जद(यू) के राष्ट्रीय महासचिव संजय कुमार झा ने कहा कि कुमार ने इस पेशकश को अभी तक मंजूरी नहीं दी है, जिस पर पार्टी के अंदर चर्चा की जाएगी। उन्होंने दावा किया कि बिहार के मुख्यमंत्री कांग्रेस के किसी नेता के अध्यक्ष बनने के पक्ष में हैं। जब पत्रकारों ने उनसे पूछा तो झा ने कहा, हां, एक प्रस्ताव आया था। वह गठबंधन की सभी बैठकों में कुमार के साथ रहे हैं। मुख्यमंत्री ने अब तक इस प्रस्ताव को अपनी मंजूरी नहीं दी है। हम पार्टी के भीतर इस विषय पर चर्चा करने के बाद आपको बताएंगे। जद(यू) नेता ने इस दावे को खारिज कर दिया कि कुमार कांग्रेस अध्यक्ष खरगे को गठबंधन का अध्यक्ष बनाने के सैद्धांतिक फैसले से नाराज थे। झा ने दावा किया, इसके उलट, यह हमारे माननीय मुख्यमंत्री ही थे, जिन्होंने स्वयं कांग्रेस से किसी को गठबंधन का नेतृत्व करने का सुझाव दिया था।

# टीम इंडिया को आगे की चुनौतियों के मद्देनजर तैयार करने के ‘मेंटोर’ बनना चाहते हैं युवराज सिंह

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**कोलकाता/भाषा।** विश्व कप विजेता नायक युवराज सिंह ने संकेत दिया कि वह भारतीय क्रिकेट टीम को आने वाली चुनौतियों के लिए मानसिक रूप से तैयार करने के लिए भविष्य में ‘मेंटोर’ की भूमिका निभाना पसंद करेंगे।

भारत पिछले साल ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 2023 विश्व कप फाइनल में हार गया जिससे आईसीसी ट्राफी का उसका इंतजार और बढ़ गया। भारत ने 2013 में धोनी की कप्तान में चैम्पियंस ट्राफी जीती थी जबकि पिछली विश्व कप जीत 2011 में मिली थी। युवराज ने ‘युवराज सेंटर ऑफ एक्सीलेंस’ के उद्घाटन के दौरान कहा, मुझे लगता है कि हमने काफी फाइनल खेले लेकिन एक भी नहीं जीता। 2017 में मैं एक फाइनल का हिस्सा रहा जिसमें हम पाक से हार गए थे। आगामी वर्षों में हमें निश्चित रूप से इस पर काम करना होगा। बतौर देश और भारतीय टीम के तौर पर दबाव में बेहतर प्रदर्शन करना होगा। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि कुछ चीज की कमी है, जब कोई बड़ा मैच होता है तो हम शारीरिक रूप से तैयार होते हैं लेकिन मानसिक रूप से हमें मजबूत होने की जरूरत है।

## कोहली, रोहित के टी20 टीम में वापसी में कुछ भी गलत नहीं: युवराज

**कोलकाता/भाषा।** आगामी विश्व कप को ध्यान में रखते हुए रोहित शर्मा और विराट कोहली के 14 महीने बाद टी20 टीम में वापसी में युवराज सिंह को कुछ भी गलत नहीं दिखता और उनका कहना है ‘कुछ तो लोग कहेंगे, लोगों का काम है कहना’। इन दोनों को अफगानिस्तान के खिलाफ चल रही तीन मैच की टी20 श्रृंखला के लिए टीम में चुना गया जो अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले विश्व कप से पहले भारत का अंतिम टूर्नामेंट है। रोहित और कोहली के टीम में शामिल करने से बहस शुरू हो गई कि यह प्रगतिशील कदम है या नहीं। युवराज इस कदम के लिए हो रहे शोरगुल से प्रभावित नहीं हैं और उन्होंने किशोर कुमार के मशहूर गाने से अपनी राय बयां करते हुए कहा, कुछ तो लोग कहेंगे, लोगों का काम है कहना’।

# निशानेबाज विजयवीर सिद्धू ने भारत को 17वां पेरिस ओलंपिक कोटा दिलाया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**जकार्ता/भाषा।** भारत के विजयवीर सिद्धू ने शनिवार को यहां एशिया ओलंपिक क्वालीफायर की पुरुष 25 मीटर रैपिड फायर स्पर्धा में रजत पदक जीतकर देश को 17वां पेरिस ओलंपिक कोटा दिलाया। इस तरह वह 25 मीटर रैपिड फायर में पेरिस ओलंपिक कोटा दिलाकर सीनियर साथी अनीश भानवाला के साथ शामिल हो गए। अनीश ने पिछले साल कोरिया के चांगवान में एशियाई चैम्पियनशिप में कांस्य पदक जीतकर इस स्पर्धा का ओलंपिक कोटा हासिल किया था।

पिछले साल हांगझोउ एशियाई खेलों में टीम कांस्य पदक विजेता 21 वर्ष के विजयवीर को कोटा हासिल करने के लिए पदक जीतने का इंतजार नहीं करना पड़ा। उन्होंने 577 के स्कोर से चौथे स्थान से फाइनल में क्वालीफाई करते ही कोटा हासिल कर लिया था। शनिवार को फाइनल में पहुंचने वाले छह में से चार निशानेबाजों को कोटा स्थान मिलना तय था।

चंडीगढ़ के विजयवीर ने एलिमिनेशन राउंड में 28 का निशाना लगाते ही रजत पदक जीतकर शान से कोटा प्राप्त किया। वह कजाखस्तान के निकिता चिरयुकिन से पीछे रहे जिन्होंने 32 के शॉट से स्वर्ण पदक जीता।



विजयवीर ने कहा, मैं बहुत खुश हूं। हमने शिविर में और यहां आने के बाद भी बहुत कड़ी ट्रेनिंग की। यह रेंज दिल्ली (कर्णी सिंह) की रेंज से काफी मिलती जुलती है। मैं अपने क्वालीफिकेशन स्कोर से ज्यादा खुश नहीं हूं। हम जानते हैं कि वापस आने के बाद हमें किन क्षेत्रों में काम करने की जरूरत है लेकिन फाइनल में मैंने जिस तरह से शॉट लगाए उससे बहुत खुश हूं।

उन्होंने कहा, मैं इसे अपने माता-पिता, परिवार और दोस्तों और अपने कोचों को समर्पित करना चाहता हूं। भारत के लिए रैपिड फायर पिस्टल मजबूत स्पर्धा होती है जिसमें विजय कुमार ने 2012 लंदन ओलंपिक में रजत पदक जीता था। अनीश टोक्यो ओलंपिक के लिए कोटा हासिल करने के मजबूत दावेदार दिख रहे थे लेकिन वह नई दिल्ली में 2021 में आईएसएसएफ विश्व कप में ऐसा करने से चूक गए थे।

अगर विजयवीर और अनीश दोनों को पेरिस ओलंपिक में देश का प्रतिनिधित्व करने का मौका मिलता है तो रैपिड फायर निशानेबाजी में इस तरह का मौका पहली बार होगा। भारत ने अभी तक जकार्ता में चार पेरिस ओलंपिक कोटे हासिल कर लिए हैं।

## टेस्ट में पारी का आगाज करना मेरे लिए नया नहीं : स्मिथ

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**सिडनी/भाषा।** ऑस्ट्रेलिया की तरफ से टेस्ट क्रिकेट में पारी का आगाज करने के लिए तैयार स्टीव स्मिथ ने शनिवार को कहा कि यह उनके लिए नई भूमिका नहीं है क्योंकि वह तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करते रहे हैं तथा उन्हें नई गेंद का सामना करने की चुनौती पसंद है। स्मिथ वेस्टइंडीज के खिलाफ होने वाली टेस्ट श्रृंखला में डेविड वार्नर की जगह सलामी बल्लेबाज की भूमिका निभाएंगे। वार्नर ने इस महीने के शुरू में पाकिस्तान के खिलाफ अपना आखिरी टेस्ट मैच खेलकर खेल के इस प्रारूप से संन्यास ले लिया था।

वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट मैच के लिए कैम बैनक्रॉफ्ट और मार्कस हैरिस को टीम में नहीं लिया गया है जबकि मैट रेनशॉ को रिजर्व खिलाड़ी चुना गया है। ऐसे में स्मिथ का उस्मान ख्वाजा के साथ पारी की शुरुआत करना तय है। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान को लगता है कि मार्नस लाबुशेन के तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने के कारण उन्हें लंबा इंतजार करना पड़ता है। स्मिथ ने कहा,‘‘मार्नस तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी कर रहा है और इसलिए मुझे अपनी बारी के लिए थोड़ा लंबा इंतजार करना पड़ता है। मुझे बल्लेबाजी के लिए इंतजार करना पसंद नहीं है इसलिए मुझे लगा कि क्यों ना मैं पारी की शुरुआत करने में हाथ आजमाऊं। ऐसे में कैमरन ग्रीन को भी टीम में रखा जा सकता है और आप अपने सर्वश्रेष्ठ छह बल्लेबाजों के साथ खेल सकते हैं।

## सुविचार

जो अपना हैं, वो कभी दूर जायेगा
ही नहीं, जो दूर चला गया,
वो कभी अपना था ही नहीं।

## ट्वीट

आज नई दिल्ली स्थित भाजपा मुख्यालय में 'नमो नवमतदाता' अभियान के शुभारंभ के दौरान हमारे युवा साथियों का जोश और उत्साह मन को अत्यंत हर्षित करने वाला रहा। नमो नवमतदाता अभियान का लक्ष्य 1 करोड़ नव मतदाताओं को जोड़ने और यह सुनिश्चित करने का हैं।

-जेपी नड्डा


मुंबई का अटल सेतु कालांतर के विकसित भारत का एक प्रतिबिंब है। समंदर के लहरों को चीरकर एक कल्पना को साकार करने का सामर्थ्य केवल आदरणीय मोदी जी के नेतृत्व में ही है। देश को यह विराट सौगात प्रदान करने के लिए आदरणीय श्री नरेन्द्र मोदी जी को सहृदय धन्यवाद एवं कोटि-कोटि बधाई।

-दीया कुमारी

## कहानी

अनुराग शर्मा

# चोर



तुम्हारा दिमाग तो खराब नहीं हो गया है। घर में चोर बैठा है और तुम आराम से सोने की बात कर रहे हो। भगवान जाने किस घड़ी में मैंने तुमसे शादी को हाँ की थी। अत्ता मी काय करा? ये मेरी आदत काफी अजीब है। जब मुझे कोई बात समझ नहीं आती है तो अजाने ही मैं मराठी बोलने लगता हूँ। क्या करूँ?

प्याज खाना मेरे लिए ठीक नहीं है। पहले तो इतनी तेज महक, ऊपर से आँख में आँसू भी लाता है। जैसे-तैसे खा भी लूँ तो मुझे पचता नहीं है। अन्य कई दुष्प्रभाव भी है। गला सूख जाता है और रात में बुरे-बुरे सपने आते हैं। एक बार प्याज खाकर सोया तो देखा कि दस सिर वाली एक विशालकाय मकड़ी मुझे अपने जाल में लपेट रही है।

एक अन्य बार जब प्याज खाया तो सपना देखा कि सड़क पर हर तरफ अफरातफरी मची हुई है। ठेले वाले, दुकानदार आदि जान बचाकर भाग रहे हैं। सुना है कि माओवादियों की सरकार बन गई है और सभी दुकानदारों और ठेला मालिकों को पूँजीवादी अनुसूची में डाल दिया गया है। सरकारी घोषणा में उन्हें अपनी सब चल-अचल संपत्ति छोड़कर देश से भागने के लिए 24 घंटे की मोहलत दी गई है। दो कमरे से अधिक बड़े मकानों को उसमें रहने वाले शोषकों समेत जलाया जा रहा है। सरकारी कब्रिस्तान की लंबी कतारों में अपनी बारी की प्रतीक्षा करते शांतचित्त मुर्दों के बीच की ऊँच-नीच मिटाने के उद्देश्य से उनके कफन एक से लाल रंग में रंगे जा रहे हैं। रेल की पटरियाँ, मंदिर-मस्जिद, गिरजे, गुरुद्वारे तोड़े जा रहे हैं। सिगार, हँसिए और हथौड़े मुफ्त बँट रहे हैं और अफीम के खेत काटकर पार्टी मुख्यालय में जमा किए जा रहे हैं। सभी किसान मजदूरों को अपना नाम पता और चश्मे के नंबर सहित पूरी व्यक्तिगत जानकारी दो दिन के भीतर पोलित ब्यूरो के गोदाम में जमा करवानी है। कितने ही बूढ़े किसानों ने घबराकर अपने चश्मे तोड़कर नहर में बहा दिए हैं कि कहीं उन्हें पढ़ा-लिखा और खतरनाक समझकर गोली न मार दी जाए। आँख खुलने पर भी मन में अजीब सी दहशत बनी रही। कई बार सोचा कि सुरक्षा की दृष्टि से अपना नाम भगवानदास से बदलकर लेनिन पोलपोट जेडोंग जैसा कुछ रख लूँ।

पिछली बार का प्याजी सपना और भी डरावना था। मैंने देखा कि हॉलीवुड की हीरोइन दूरी शिक्षित वृंदावन गार्डन में धक-धक करने लगा गा रही है। अब आप कहेंगे कि दूरी शिक्षित वाला सपना डरावना कैसे हुआ, तो मित्र सपने में वह अकेली नहीं थी। उसके हाथ में हाथ डाले अरबी चोगे में कैनवस का घोड़ा लिए हुए नंगे पैरों वाला एक बूढ़ा भी था। ध्यान से देखने पर पता लगा कि वह टोफू सैन था। जब तक मैं पास पहुँचा, टोफू ने अपने साँप जैसे अस्थिविहीन हाथ से दूरी की कमर को लपेट लिया था। दूरी की तेज नजरों ने दूर से ही मुझे आते हुए देख लिया था। किसी अल्हड़ की तरह शरमाते हुए उसने उँगलियों से अपना दुपट्टा उमेठना शुरू कर दिया। वह कुछ कहने लगी मगर पता नहीं शर्म के कारण या अचानक रेतीले हो गए उस बाग में फैलती मुर्दार ऊँट की गंध की वजह से वह ऐसे हकलाने लगी कि मैं उसकी बात जरा भी समझ न सका।

जब मैंने अपना सुपर साइज हीयरिंग एड लगाया तो समझ में आया कि वह अपने पति फाइटर फेणे को तलाक देने की बात कर रही थी। मुझे गहरा धक्का लगा मगर वह कहने लगी कि वह भारत की हरियाली और खुलेपन से तंग आकर टोफू के साथ किसी सूखे रेगिस्तान में भागकर ताउम्र उसके पाँव की जूती बनकर सम्मानजनक जीवन बिताना चाहती है।

लेकिन फाइटर फेणे तो इतना भला है मैं अभी भी झटका खाए हुए था। टोफू जैसा हैंडसम तो नहीं है न! वह इठलाकर बोली। टोफू और सुंदर? यह कब से हो गया? मेरे आश्चर्य की सीमा नहीं थी, उसके मुँह में तो दाँत भी नहीं हैं।

यह तो सोने में सुहागा है वह कुटिलता से मुस्कुराई। मैं कुछ कहता कि श्रीमती जी बिना कोई अग्रिम सूचना दिए अचानक ही प्रकट हो गई। मुझे तनिक भी अचरज नहीं हुआ। मुल्ला दो प्याजी सपनों में ऐसी डरावनी बातें तो होती ही रहती हैं।

दरवाजा बंद नहीं किया था क्या? श्रीमती जी बहुत धीरे से बोली। फुसफुसा क्यों रही हो सिंहनी जी? तुम्हारी दहाड़ को क्या हुआ? गले में खिचखिच? वे फिर से फुसफुसाई, श्शशशश! आधी रात है और घर के दरवाजे भट्टे से खुले हैं, इसका मतलब है कि कोई घर में घुसा है। अब मैं पूर्णतया जागृत था।

मैंने तकिए के नीचे से तमंचा उठाया और अँधेरे में ही बिस्तर से उठकर दबे पाँव अपना कमरा और बैठक पार करके द्वार तक आया। छिपकर अच्छी तरह इधर-उधर देखा। जब कोई नहीं दिखाई दिया तो दरवाजा बेआवाज बंद करके वापस आने लगा। इतनी देर में आँखें अँधेरे में देखने की अभ्यस्त हो चुकी थी। देखा कि बैठक के एक कोने में कई सूटकेस, अटैचियाँ आदि खुली पड़ी थी। काला कुर्ता और काली पतलून पहने एक मोटे-ताजे पहलवान टाइप महाशय तन्मयता के साथ एक काले थैले में बड़ी सफाई से कुछ स्वर्ण आभूषण, चाँदी के बर्तन और कलाकृति आदि सहेज रहे थे। या तो वे अपने काम में कुछ इस तरह व्यस्त थे कि उन्हें मेरे आने का पता ही न चला या फिर वे बहरे थे। अपने घर में एक अजनबी को इतने आराम से बैठे देखकर एक पल के लिए तो मैं आश्चर्यचकित रह गया। आज के जमाने में ऐसी कर्मठता? आधी रात की तो बात ही क्या है मेरे ऑफिस के लोगों को पाँच बजे के बाद अगर पाँच मिनट भी रोकना चाहूँ तो असंभव है। और यहाँ एक यह खुदा का बंदा बैठा है जो किसी श्रेय की अपेक्षा किए बिना चुपचाप अपने काम में लगा है। लोग तो अपने घर में काम करने से जी चुराते हैं और एक यह समाजसेवी हैं जो शांति से हमारा सामान ठिकाने लगा रहे हैं।

अचानक ही मुझे याद आया कि मैं यहाँ उसकी कर्मठता और लगन का प्रमाण पत्र देने नहीं आया हूँ। जब मैंने तमंचा उसकी आँखों के आगे लहराया तो उसने एक क्षण सहमकर मेरी ओर देखा। और फिर अचानक ही खीसें निपोर दी। सभ्यता का तकाजा मानते हुए मैं भी मुस्कराया। दूसरे ही क्षण मुझे अपना कर्तव्य याद आया और मैंने कड़क कर उससे पूछा, मुँह बंद और दाँत अंदर। अभी और इसी वक्त! दरवाजा तुमने खोला था? जी जनाब! अब मेरे जैसा लहीम-शहीम आदमी खिड़की से तो अंदर आ नहीं सकता है।

यह बात भी सही है उसकी बात सुनकर मुझे लगा कि मेरा प्रश्न व्यर्थ था। उसके उत्तर से संतुष्ट होकर मैंने उसे इतना मेहनती होने की बधाई दी और वापस अपने कमरे में आ गया। पत्नी ने जब पूछा कि मैं क्या अपने आप से ही बातें कर रहा था तो मैंने सारी बात बताकर आराम से सोने को कहा।

तुम्हारा दिमाग तो खराब नहीं हो गया है। घर में चोर बैठा है और तुम आराम से सोने की बात कर रहे हो। भगवान जाने किस घड़ी में मैंने तुमसे शादी को हाँ की थी। अत्ता मी काय करा? ये मेरी आदत काफी अजीब है। जब मुझे कोई बात समझ नहीं आती है तो अजाने ही मैं मराठी बोलने लगता हूँ। क्या करूँ? अरे उठो और अभी उस नामुराद को बाँधकर थाने लेकर जाओ।

हाँ यही ठीक है पत्नी की बात मेरी समझ में आ गई। एक हाथ में तमंचा लिए दूसरे हाथ में अपने से दुगुने भारी उस चोर का पट्ठा पकड़कर उसे जमीन पर गिरा दिया। उस रात मुझे लग रहा था कि मेरे हाथ से हिंसा हो जाएगी। यह आशा बिल्कुल नहीं थी कि इतना भारी-भरकम आदमी कोई प्रतिरोध किए बिना इतने आराम से धराशायी हो जाएगा। जब पत्नी ने विजयी मुद्रा में हमारे कंधे पर हाथ रखा तो समझ में आया कि बंदा धराशायी नहीं हुआ था बल्कि उन्हें देखकर दंडवत प्रणाम कर रहा था।

ममा, नहीं-नहीं दीदी! जमीन पर पड़े उस पहलवान ने बनावटी रुदन के साथ जब श्रीमती जी को चरण स्पर्श किया तो मुझे उसकी धूर्तता स्पष्ट दिखी।

मैं आपकी शरण में हूँ ममा, नहीं, नहीं... मैं आपकी शरण में हूँ दीदी! मुझ पर एक उड़ती हुई विजयी दृष्टि डालते हुए वह शातिर चिल्लाया, कई दिन का भूखा हूँ दीदी, थाने भेजने से पहले कुछ खाने को मिल जाता तो... पुलिस वाले भूखे पेट पिटाई करेंगे तो दर्द ज्यादा होगा।

मैं जब तक कुछ कहता, श्रीमती जी रसोई में बर्तन खड़खड़ कर रही थी। उनकी पीठ फिरते ही वह दानव उठ बैठा और तमंचे पर ललचाई दृष्टि डालते हुए बोला, ये पिस्तॉल मुझे दे दे ठाकुर तो अभी चला जाऊँगा। वरना अगर यहीं... जैसे ही उसने श्रीमतीजी को रसोई से बाहर आते देखा, बात अधूरी छोड़कर दोनों हाथ जोड़कर मेरे सामने सर झुकाए घुटने के बल बैठकर रोने लगा।

मुझे छोड़ दो! इतने जालिम न बनो! मुझ गरीब पर रहम खाओ। पत्नी के बैठक में आते ही रोंदू पहलवान का नाटक फिर शुरू हो गया।

इनसे घबराओ मत, यह तो चींटी भी नहीं मार सकते हैं। लो, पहले खाना खा लो

माँ अन्नपूर्णा ने छप्पन भोगों से सजी थाली मेज पर रखते हुए कहा, मैं मिठाई और पानी लेकर अभी आई। दीदी मैं आपके पाँव पड़ता हूँ, मेरी कोई सगी बहन नहीं है... कहते-कहते उसने अपने घड़ियाली आँसू पोंछते हुए जेब से एक काला धागा निकाल लिया। जब तक मैं कुछ समझ पाता, उसने वह धागा अपनी नई दीदी की कलाई में बाँधते हुए कहा, जैसे कर्मावती ने हुमायूँ के बाँधी थी वैसी ही यह राखी आज हम दोनों के बीच कौमी एकता का प्रतीक बन गई है। आज से मेरी हिफाजत का जिम्मा आपके ऊपर है मुझे नहीं लगता कि श्रीमती जी उसकी शरारती मुस्कान पढ़ सकी थी। मगर मेरी छाती पर साँप लोट रहे थे।

फिकर नास्ति। शरणागत रक्षा हमारा राष्ट्रीय धर्म और कर्तव्य है श्रीमती जी ने राष्ट्रीय रक्षा पुराण उद्धृत करते हुए कहा।

कल रात एक सफेद कमीज यहाँ टाँगी थी, तुमने देखी क्या? सुबह दफ्तर जाते समय जब कमीज नहीं दिखी तो मैंने श्रीमती जी से पूछा।

वह तो भैया ले गए। भैया? भैया कब आए? केके कस्साब भैया! कल रात ही तो आए थे। जिन्होंने राखी बाँधी थी। मेरी कमीज उस राक्षस को कहाँ फिट आएगी? पत्नी को शायद मेरी बड़बड़ाहट सुनाई नहीं दी। जल्दी से एक और कमीज पर इस्त्री की। तैयार होकर बाहर आया तो देखा कि ट्रिपल के भैया मेरी कमीज से रगड़-रगड़कर अपने जूते चमका रहे थे। मैं निकट से गुजरा तो वह बेशर्मी से मुस्कराया, ओ हीरो, तमंचा देता है क्या?

मेरा सामान गायब होने की शुरुआत भले ही कमीज से हुई हो, वह घड़ी और ब्रेसलैट तक पहुँची और उसके बाद भी रुकी नहीं। अब तो गले की चेन भी लापता है। मैंने सोचा था कि तमंचे की गुमशुदगी के बाद तो यह केके कस्साब हमें बख्श देगा मगर वह तो पूरी शिद्दत से राखी के पवित्र धागे की पूरी कीमत वसूलने पर आमादा था।

शाम को जब दफ्तर से थका-हारा घर पहुँचा तो चाय की तेज तलब लगी। रास्ते भर दार्जीलिंग की चाय की खुश्बू की कल्पना करता रहा था। अंदर घुसते ही ब्रीफकेस दरवाजे पर पटककर जूते उतारता हुआ सीधा डाइनिंग टेबल पर जा बैठा। रेडियो पर हार की जीत वाले पंडित सुदर्शन के गीत तेरी गठरी में लागा चोर... का रीमिक्स बज रहा था। देखा तो वह पहले से सामने की कुर्सी पर मौजूद था। सभ्यता के नाते मैंने कहा, जय राम जी की! सारी खुदाई एक तरफ, केके कसाई एक तरफ केके कसाई कहते हुए उसने अपने सिर पर हाथ फेरा। उसके हाथ में चमकती हुई चीज और कुछ नहीं मेरा तमंचा ही थी। खाएगा हीरो? उसने अपने सामने रखी तश्तरी दिखाते हुए मुझसे पूछा।

राम-राम! मेरे घर में ऑमलेट लाने की हिम्मत कैसे हुई तुम्हारी? तश्तरी पर नजर पड़ते ही मेरा खून खौल उठा। दीदी... वह मेरी बात को अनसुनी करके जोर से चिल्लाया। जब तक उसकी दीदी वहाँ पहुँचती, मैंने तश्तरी छीनकर कूड़ेदान में फेंक दी। मेरे घर में यह सब नहीं चलेगा मैंने गुस्से में कहा। मैंने तो आपके खाने को कभी बुरा-भला नहीं कहा, आप मेरा निवाला कैसे छीन सकते हैं? भैया, मैं आपके लिए खाना बनाती हूँ अभी... बहन ने भाई को प्यार से समझाया। मगर दीदी, किसी ग्रंथ में ऑमलेट को मना नहीं किया गया है वह रिरिआया, बल्कि खड़ी खाट वाले पीर ने तो यहाँ तक कहा है कि ऑमलेट खाने में कोई बुराई नहीं है।

ऑमलेट का तो पता नहीं, मगर अतिथि सत्कार का आग्रह हमारे ग्रंथों में अवश्य है कहते हुए श्रीमती जी ने मेरी ओर इतने गुस्से से देखा मानो मुझे अभी पकाकर केकेके को खिला देंगी। चाय की तो बात ही छोड़िए उस दिन श्रीमान-श्रीमती दोनों का ही उपवास हुआ। मैं अपने ही घर से बड़े बेआबरू होकर... गुनगुनाता हुआ जब दरी और चादर लेकर बाहर चबूतरे पर सोने जा रहा था तब चाँदनी रात में मेरे घर पर सुनहरी अक्षरों से लिखे हुए नाम श्रीनगर की चमक श्रीहीन लग रही थी।

– 'हिन्दी समय' से साभार

## संजय उवाच

■ संजय भारद्वाज
9890122603
writersanjay@gmail.com



# चक्षो सूर्यो जायत

वैदिक दर्शन सूर्य को ईश्वर का चक्षु निरूपित करता है। हमारे ग्रंथों में सूर्यदेव को जगत की आत्मा भी कहा गया है। विश्व की प्राचीन सभ्यताओं द्वारा सूर्योपासना के प्रमाण हैं। ज्ञानदा भारतीय संस्कृति में तो सूर्यदेव को अनन्य महत्व है। एतदर्थ भारत में अनेक प्राचीन और अर्वाचीन सूर्य मंदिर हैं।

भारतीय मीमांसा में प्रकाश, जाग्रत देवता है।प्रकाश आंतरिक हो या वाह्य, उसके बिना जीवन असंभव है। एक-दूसरे के सामने खड़ी गगनचुंबी अट्टालिकाओं के महानगरों में प्रकाश के अभाव में विटामिन डी की कमी विकराल समस्या हो चुकी है। केवल मनुष्य ही नहीं, सम्पूर्ण सजीव सृष्टि और वनस्पतियों के लिए प्राण का पर्यायवाची है सूर्य। वनस्पतियों में प्रकाश संश्लेषण या फोटो सिंथेसिस के लिए प्रकाश आवश्यक घटक है।

सूर्यचक्र के अनुसार ही हमारे पूर्वजों का जीवनचक्र भी चलता था। भोर को उठना, सूर्यास्त होते-होते भोजन कर सोने चले जाना। सूर्यकिरणें भोजन की पौष्टिकता बनाए रखने में उपयोगी होती हैं।

वस्तुतः जीवन की धुरी है सूर्य। सूर्य से ही दिन है, सूर्य से ही रात है। सूर्य है तो मिनट है, सेकंड है। सूर्य है तो उदय है, सूर्य है तो अस्त है। सूर्य ही है कि अस्त की आशंका में पुनः उदय का विश्वास है। सूर्य कालगणना का आधार है, सूर्य ऊर्जा का अपरिमित विस्तार है। सूर्यदेव तपते हैं ताकि जगत को प्रकाश मिल सके। तपना भी ऐसा प्रचंड कि लगभग 15 करोड़ किलोमीटर दूर होकर भी पृथ्वीवासियों को पसीना ला दे।

सूर्य सतत कर्मशीलता का अनन्य आयाम है, सूर्य नमस्कार अद्भुत व्यायाम है। शरीर को ऊर्जस्वित, जाग्रत और चैतन्य रखने का अनुष्ठान है सूर्य नमस्कार। ऊर्जा, जागृति और चैतन्य का अखंड समन्वय है सूर्य।

'सविता वा देवानां प्रसविता'...सविता अर्थात सूर्य से ही सभी देवों का जन्म हुआ है। शतपथ ब्राह्मण का यह उद्घोष अन्यान्य शास्त्रों की विवेचनाओं के भी निकट है। गायत्री महामंत्र के अधिष्ठाता भी सूर्यदेव ही हैं।

सूर्यदेव अर्थात सृष्टि में अद्भुत, अनन्य का आँखों से दिखता प्रमाणित सत्य। सूर्यदेव का मकर राशि में प्रवेश अथवा मकर संक्रमण खगोलशास्त्र, भूगोल, अध्यात्म, दर्शन सभी दृष्टियों से महत्वपूर्ण है। इस दिव्य प्रकाश पुंज का उत्तर की ओर संचार करना उत्तरायण है। उत्तरायण अंधकार के आकुंचन और प्रकाश के प्रसरण का कालखंड है। स्वाभाविक है कि इस कालखंड में दिन बड़े और रातें छोटी होंगी।

दिन बड़े होने का अर्थ है प्रकाश के अधिक अवसर, अधिक चैतन्य, अधिक कर्मशीलता। अधिक कर्मशीलता के संकल्प का प्रतिनिधि है तिल और गुड़ से बने पदार्थों का सेवन। निहितार्थ है कि तिल की ऊर्जा और गुड़ की मिठास हमारे मनन, वचन और आचरण तीनों में देदीप्यमान रहे।

सभी पाठकों को मकर संक्रांति/ उत्तरायण/ भोगाली बिहू / माघी/ पोंगल/ खिचड़ी की अनंत शुभकामनाएँ।

## विशेष

# दान धर्म पूजा और पुण्य का पर्व है मकर संक्राति

बाल मुकुन्द ओझा
मोबाइल : 8949519406

भारत में प्रत्येक पर्व और त्योहार का अपना सांस्कृतिक और ऐतिहासिक महत्त्व होता है। ऐसा ही एक पर्व मकर संक्रांति है जो लोक मंगल को समर्पित है। लोकमंगल के त्योहार देश की सामाजिक, सांस्कृतिक और धार्मिक बुनियाद को मजबूत बनाने और समाज को जोड़ने का काम करते हैं। मकर संक्रांति पर इस बार दो तिथियों को लेकर लोग दुविधा में हैं। ज्योतिष विद्वानों के मुताबिक संक्रांति तब शुरू होती है जब सूर्य देव राशि परिवर्तन कर मकर राशि में पहुंचते हैं। प्रत्येक वर्ष 14 जनवरी को मकर संक्रांति का त्योहार मनाया जाता है। मगर इस बार सूर्य देव 15 जनवरी को प्रातःकाल 2 बजकर 54 मिनट पर मकर राशि में प्रवेश कर रहें हैं। अतः 15 जनवरी सोमवार को मकर संक्रांति मनाई जाएगी। 15 जनवरी को सुबह से पुण्यकाल शुरू हो जाएगा, जो सूर्यास्त तक रहेगा। मकर संक्रांति के साथ ही खरमास समाप्त हो जाएगा। विवाह आदि मांगलिक कार्य आरंभ हो जाएंगे। मकर संक्रान्ति पर्व पूरे भारत और नेपाल में किसी न किसी रूप में मनाया जाता है। मकर संक्रांति का पर्व जिस प्रकार देश भर में अलग-अलग तरीके और नाम से मनाया जाता है, उसी प्रकार खान-पान में भी विविधता रहती है।

धार्मिक विश्वास के अनुसार मकर संक्रांति पर किये गये दान के कार्य अन्य दिनों के अपेक्षा सौ गुना अधिक पुण्य प्राप्त होता। इस दिन गरीबों और जरूरतमंदों को दान देना बेहद पुण्यकारी माना जाता है। यह त्योहार देश में पतंगबाजी के लिए भी काफी प्रसिद्ध है। इस अवसर पर महिला और पुरुष सबेरे से शाम होने तक अपनी अपनी छतों पर वो काटा की करतल ध्वनि के साथ पतंगबाजी का आनंद उठाते है। इस दिन तिल का हर जगह किसी ना किसी रूप में प्रयोग होता ही है। पौराणिक मान्यता के अनुसार ऐसा माना जाता है कि अगर मकर संक्राति के दिन तिल का दान या सेवन किया जाए तो इससे शनि देव प्रसन्न होते हैं। जिससे ऐसे व्यक्ति जिस पर शनि देव का कुप्रभाव है वह भी कम हो जाता है। इसलिए इस दिन काले तिल को दान करने की मान्यता है। तिल स्वास्थ्य के लिए भी बेहद फायदेमंद है।

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार महाभारत काल में भीष्म पितामह ने अपनी देह त्यागने के लिए मकर संक्रांति के दिन का ही चयन किया था। मकर संक्रांति के दिन गंगा जी भगीरथ के पीछे-पीछे चलकर सागर में जा मिलीं। इसीलिए आज के दिन गंगा स्नान का विशेष महत्व है। मकर संक्रान्ति के अवसर पर गंगास्नान एवं गंगातट पर दान को अत्यन्त शुभ माना गया है। इस पर्व पर तीर्थराज प्रयाग एवं गंगासागर में स्नान को महास्नान की संज्ञा दी गयी है। मकर संक्रांति को मौसम में बदलाव का सूचक भी माना जाता है।

भारत में मकर संक्रान्ति विभिन्न रूपों में मनाया जाता है। बंगाल में इस पर्व पर गंगासागर पर बहुत बड़े मेले का आयोजन होता है। यहां इस पर्व के दिन स्नान करने के बाद तिल दान करने की प्रथा है। कहा जाता है कि इसी दिन यशोदा जी ने श्रीकृष्ण की प्राप्ति के लिए व्रत रखा था। इसी दिन गंगा भगीरथ के पीछे चलकर कपिल मुनि के आश्रम से होते हुए गंगा सागर में जा मिली थीं। यही वजह है कि हर साल मकर संक्रांति के दिन गंगा सागर में भारी भीड़ होती है।

बिहार में भी मकर संक्रांति को खिचड़ी के ही नाम से जानते हैं। यहां भी उड़द की दाल, चावल, तिल, खटाई और ऊनी वस्त्र दान करने की परंपरा है। इसके अलावा असम में इसे माघ- बिहू और भोगाली-बिहू के नाम से जानते हैं। तमिलनाडू में इस पर्व को चार दिनों तक मनाते हैं।

यहा पहला दिन भोगी पोंगल दूसरा दिन सूर्य पोंगल, तीसरा दिन मट्टू पोंगल और चौथा दिन कन्या पोंगल के रूप में मनाते हैं। पूजा और अर्चना की जाती है। राजस्थान में इस दिन बहुएं अपनी सास को मिठाईयां और फल देकर उनसे आर्शीवाद लेती हैं। इसके अलावा वहां किसी भी सौभाग्य की वस्तू को 14 की संख्या में दान करने का अलग ही महत्व बताया गया है।

महाराष्ट्र में इस दिन गूल नामक हलवे को बांटने की प्रथा है। तो इस तरह पूरे भारत में इस पर्व को अलग-अलग तरह की परंपराओं के साथ मनाया जाता है। नेपाल में भक्त इस दिन अच्छी फसल के लिए ईश्वर को धन्यवाद देते हैं और प्रार्थना करते हैं कि सभी पर उनकी कृपा हमेशा बनीं रहे। वहां इस पर्व को फसल का त्योहार या फिर किसानों के त्योहार के रूप में भी जानते हैं। नेपाल में मकर संक्रांति के दिन सार्वजनिक अवकाश होता है।

## वीर गाथा

# मेजर अनुराग श्रीवास्तवः शेर की तरह लड़कर भारत मां के लिए बलिदान हुए थे 'शेरी'

मेजर अनुराग श्रीवास्तव का जन्म केरल के पलक्कड़ में हुआ था। उन्हें अगस्त 1983 में भारतीय सेना की मैकेनाइज्ड इन्फैंट्री में कमीशन मिला था। वे बहुत बहादुर, अनुशासित और अपने साथियों का ख़याल रखने वाले सैन्य अधिकारी थे। वे साथियों के बीच 'शेरी' के नाम से मशहूर थे। उन्होंने विभिन्न सैन्य अभियानों में अपने प्रदर्शन और नेतृत्व से इस नाम को चरितार्थ भी करके दिखाया था।

मेजर अनुराग साल 1996 में 21 असम रिफ़ में प्रतिनियुक्ति पर सेवारत थे। यूनिट को उच्चाधिकारियों के आदेशानुसार जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में एलओसी पर तैनात किया गया था। इस इलाके में कई आतंकवादी सिर उठा रहे थे, जिन्हें पाकिस्तान से मदद मिल रही थी। इसलिए सुरक्षा बलों की ओर से समय-समय पर विशेष अभियानों का संचालन किया जा रहा था।

इलाके में पाकिस्तान की ओर से आतंकवादी घुसपैठ करते थे। लिहाजा जवानों को हमेशा सतर्क रहना होता था। उन्हें सूचना मिलते ही आतंकवादियों के खात्मे के लिए मोर्चा संभालना होता था। इस इलाके में घने जंगल हैं। साथ ही विषम भौगोलिक परिस्थिति है, जिसका आतंकवादी फायदा उठाने की कोशिश करते हैं।

ग्यारह जनवरी को सेना को अपने विश्वस्त खुफिया सूत्रों से आतंकवादियों की घुसपैठ के बारे में सूचना मिली। इसके बाद मेजर अनुराग और साथी जवानों की टीम को घुसपैठ विफल करने का जिम्मा सौंपा गया।

अनुराग और साथी जवान उस इलाके में पहुंचे तो उन्हें संदिग्ध गतिविधि नजर आई। पता चला कि उस पार से कुछ आतंकवादी भारत में घुसपैठ की कोशिश कर रहे थे। अनुराग ने एक आतंकवादी को निशाने पर लिया और उसे वहीं धराशायी कर दिया। इसी के साथ मुठभेड़ शुरू हो गई। आतंकवादियों ने भी गोलीबारी की, जिससे मेजर अनुराग गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके बावजूद उन्होंने साथी जवानों को आदेश देना जारी रखा। नतीजतन आतंकवादी मारे गए और घुसपैठ की कोशिश विफल कर दी गई। इस अभियान का नेतृत्व करने वाले अनुराग 'शेर' की तरह लड़े और भारत मां के लिए बलिदान हो गए। मेजर अनुराग श्रीवास्तव को 'शौर्य चक्र' से सम्मानित किया गया।



महत्त्वपूर्ण
Printed& Published by Devendra Sharma on behalf of owners M/s. New Media Company, 6/4 , Ist floor, Cantonment station road, Bengaluru-51 and printed at Dinasudar Printing Division, 116, Queens Road, Bengaluru-560052. **Editor-Shreekant Parashar**, (*Responsible for selection of news under PRB Act.) Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law. **RNI No. 58061/93. Regn No.: RNP/KA/BGS/2050/2015-2017 posted at Bengaluru PSO Mysore Road Bengaluru-560 026**

पाठकों से अनुरोध है कि इस प्रकाशन में प्रकाशित किए जाने वाले किसी भी तरह के विज्ञापन (वैवाहिक, वर्गीकृत, टैंड़र एवं सजावटी इत्यादि) पर कोई भी कार्यवाही, प्रतिबद्धता या धनराशि का व्यय करने से पूर्व इन विज्ञापनों के बारे में समस्त जानकारी वह स्वयं प्राप्त कर लें। दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह उत्पादों की गुणवत्ता तथा सेवाओं के लिए विज्ञापनदाताओं द्वारा किए जा रहे किसी प्रकार के दावों के लिए जिम्मेदार नहीं है। अगर विज्ञापनदाता विज्ञापन में किया जा रहा दावा पूरा नहीं करता है तो दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह के संपादक, मुद्रक एवं प्रकाशक या मालिकान को पाठक किसी भी रूप में उत्तरदाई नहीं बना सकता। – दक्षिण भारत राष्ट्रमत



दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने शनिवार को नई दिल्ली में दिल्ली विकास प्राधिकरण द्वारा 'मकर संक्रांति' के उपलक्ष्य में आयोजित दिल्ली के पहले अंतर्राष्ट्रीय पतंग महोत्सव 'पतंग उत्सव' का उद्घाटन किया।

# धर्मनिरपेक्षता के वास्तविक अर्थ को पुनः स्थापित करने का प्रतीक भी बन गया था राममंदिर आंदोलन : आडवाणी

**नई दिल्ली/भाषा**

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी ने कहा है कि राम जन्मभूमि आंदोलन का प्राथमिक उद्देश्य अयोध्या में श्री राममंदिर का पुनर्निर्माण था और यह ''छद्म धर्मनिरपेक्षता के हमले के कारण (धूमिल हुए) धर्मनिरपेक्षता के वास्तविक अर्थ को पुन:स्थापित करने का प्रतीक भी बन गया।

आडवाणी द्वारा लिखे गए और शनिवार को उनके कार्यालय द्वारा साझा किए गए लेख, श्रीराम मंदिर: एक दिव्य स्वप्न की पूर्ति' में, भाजपा नेता आडवाणी ने कहा कि आंदोलन के दौरान वास्तविक धर्मनिरपेक्षता और छद्म धर्मनिरपेक्षता के बीच अंतर को लेकर एक महत्वपूर्ण बहस शुरू हो गई।

वर्ष 1990 में राम रथयात्रा शुरू करने वाले आडवाणी ने कहा, एक ओर, आंदोलन को व्यापक जन समर्थन प्राप्त था, वहीं, अधिकांश राजनीतिक दल इस आंदोलन का समर्थन करने से इसलिए कतरा रहे थे, क्योंकि उन्हें मुस्लिम वोट खोने का डर था। वे वोट-बैंक की राजनीति के लालच में आ गए और उसे धर्मनिरपेक्षता के नाम पर उचित ठहराने लगे।

आडवाणी (96) ने लिखा है, इस प्रकार, अयोध्या मुद्दा, जिसका प्राथमिक उद्देश्य श्री रामजन्मभूमि मंदिर का पुनर्निर्माण था, छद्म धर्मनिरपेक्षता के हमले के कारण (धूमिल हुए) धर्मनिरपेक्षता के वास्तविक अर्थ को पुन:स्थापित करने का प्रतीक भी बन गया। उन्होंने कहा कि आगामी 22 जनवरी, 2024 के विशेष अवसर से पहले पूरे देश का वातावरण सचमुच राममय हो गया है। उन्होंने कहा कि यह उनके लिए संतुष्टि का क्षण है, न केवल राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) और भाजपा के एक गौरवान्वित सदस्य के रूप में, बल्कि हमारी गौरवशाली मातृभूमि के एक गर्वित नागरिक के रूप में भी। उन्होंने कहा कि वह धन्य हैं कि वह अपने जीवनकाल में इस ऐतिहासिक क्षण के साक्षी बनेंगे। उन्होंने कहा कि जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अयोध्या में श्रीरामलला के विग्रह की 'प्राण प्रतिष्ठा' करेंगे, तो वह ''हमारे महान भारतवर्ष के प्रत्येक नागरिक का प्रतिनिधित्व करेंगे।

उन्होंने कहा, यह मेरा अटल विश्वास है और मेरी आशा भी कि यह मंदिर सभी भारतीयों को श्रीराम के गुणों को अपनाने के लिए प्रेरित करेगा। मैं यह भी प्रार्थना करता हूं कि हमारा महान देश न केवल वैश्विक शक्ति बनने के पथ पर तेजी से आगे बढ़ता रहे, बल्कि जीवन के सभी क्षेत्रों में अपने आप को गरिमा और मर्यादा के एक उत्कृष्ट उदाहरण के रूप में प्रस्तुत करे। उन्होंने कहा कि एक तरफ जहां लंबी कानूनी लड़ाई चल रही थी, वहीं दूसरी तरफ, न केवल वह, बल्कि भाजपा और संघ परिवार का प्रत्येक कार्यकर्ता भारतीयों की आत्मा को जागृत करने के कार्य में जुटा रहा ताकि रामलला को अपने वास्तविक निवासस्थान पर विराजमान करने का सपना साकार हो सके।

नियुक्ति पत्र



बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव शनिवार को पटना के गांधी मैदान में नवनियुक्त शिक्षकों को नियुक्ति पत्र वितरित करते हुए।

# शास्त्रीय संगीत को जनसुलभ बनाने के लिए रूढियों को चुनौती देती रहीं प्रभा अत्रे

नई दिल्ली/भाषा। शास्त्रीय संगीत को जनसुलभ बनाने के लिए वह जीवन भर रूढियों से लड़ती रहीं और जटिलता को चुनौती देती रहीं, पद्मविभूषण प्रभा अत्रे चाहतीं तो बेहद सफल डॉक्टर बन सकती थीं लेकिन उन्होंने अपने दिल की सुनी और संगीत को चुना।

किराना घराने की विश्व विख्यात हिन्दुस्तानी शास्त्रीय गायिका अत्रे को संगीत विरासत में नहीं मिला था। वह तो कानून और विज्ञान की मेधावी छात्रा थीं लेकिन एक मोड़ पर आकर उन्हें लगा कि मेंढकों को चीरने फाड़ने या काला कोट पहनकर अपराधियों को बचाने से स्वर की साधना करना बेहतर है।

उनका सपना और खुद से वादा था कि अंतिम श्वास तक वह गाती रहेंगी और 92 वर्ष की उम्र में उन्हें मुंबई में आज गाना भी था लेकिन इस स्वरयोगिनी की स्वरसाधना पर विराम लग गया और सुबह पुणे में उनके निवास पर तड़के दिल का दौरा पड़ने के बाद उन्होंने आखिरी सांस ली।

अत्रे ने पुणे के फर्ग्युसन कॉलेज से विज्ञान में स्नातक किया और बाद में विधि कालेज से भी डिग्री ली। संगीत में उनके कदम अनायास पड़े। उन्होंने 2022 में देश का दूसरा सर्वोच्च नागरिक सम्मान पद्म विभूषण पाने के बाद भाषा को दिए इंटरव्यू में कहा था, मैं कानून और विज्ञान पढ़ रही थी और सपने में भी नहीं सोचा था कि गायिका बनूंगी। मेरे माता पिता शिक्षाविद थे और मेरी मां की बीमारी से संगीत हमारे घर में आया। वह हारमोनियम सीखती थी और मैं उनके पास बैठती थी। उन्होंने तो संगीत छोड़ दिया लेकिन मुझसे नहीं छूटा।

उन्हें 1990 में पद्मश्री और 2002 में पद्मभूषण से नवाजा गया। उन्होंने कहा था, मुझे लगता है कि गायिका बनना मेरे प्रारब्ध में था। लोगों को मेरा संगीत पसंद आने लगा और मुझे उसके लिए पारिश्रमिक भी मिलने लगा।

कानून और विज्ञान की छात्रा होने के कारण उन्होंने परंपरा के नाम पर अंधानुकरण नहीं किया और अपनी आंखें हमेशा खुली रखी।

# हिंदू विरोधी परंपरा कांग्रेस के डीएनए में है: गिरिराज सिंह

रायपुर/भाषा। अयोध्या में राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होने के लिए भेजे गए निमंत्रण को अस्वीकार करने पर केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कांग्रेस पर निशाना साधा और कहा कि हिंदू विरोधी परंपरा उनके डीएनए में है।

केंद्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री गिरिराज सिंह अपने तीन दिवसीय छत्तीसगढ़ दौरे पर शनिवार को रायपुर पहुंचे। रायपुर के स्वामी विवेकानंद विमानतल में संवाददाताओं से बातचीत के दौरान उन्होंने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा।

अयोध्या में राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होने के लिए कांग्रेस के तीन शीर्ष नेताओं को भेजे गए निमंत्रण को अस्वीकार करने को लेकर पूछे गए सवाल पर सिंह ने कहा, हमने नहीं, मंदिर के ट्रस्ट ने सोनिया गांधी जी को भी निमंत्रण भेजा है, खरगे जी को भी भेजा है, लेकिन वह नहीं जा रहे हैं, क्योंकि वे हिंदू विरोधी रहे हैं। आज से नहीं बरसों से।

नेहरू जी ने सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण में वहां के मुख्यमंत्री की भी क्लास ली थी, हमारे राजेंद्र बाबू जो प्रथम राष्ट्रपति थे उनको मना किया था, क्योंकि वह कहते थे कि मैं बाई डिफॉल्ट हिंदू हूं। यह हिंदू विरोधी परंपरा उनके डीएनए में है। सिंह ने कहा, सूरज की तरफ कोई थूके वह उसी आदमी पर आकर गिरता है। आज प्रभु श्रीराम की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा हो रही है। 500-600 साल हम गुलामी में रहे। आक्रांताओं ने लूटा, फिर कांग्रेस ने 70 साल से इसे लटकाने-भटकाने का काम किया। आज इस कार्यकाल में, जिसे हम अमृत कल कहते हैं, यह सनातन हिंदुओं के पुनर्जागरण का समय है और पूरा देश आज राम मय है। प्राण प्रतिष्ठा 22 तारीख को होगी, जिसकी अच्छी किस्मत है वह वहां जाएगा।

एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा, कांग्रेस ने इस बार जो हिंदू विरोधी काम किया है उससे उन्हें पूरे देश में (लोकसभा चुनाव में) उम्मीदवार नहीं मिलेंगे, क्योंकि इस देश की पहचान सनातन हिंदुओं से है, देश की पहचान प्रभु राम, कृष्ण और शिव से है। जो शिव, राम और कृष्ण का विरोधी हो उसे आज कहां जगह मिलेगी।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी की ''भारत जोड़ो न्याय यात्रा'' के संबंध में उन्होंने कहा, राहुल गांधी भारत जोड़ो न्याय यात्रा की जगह ज्ञान यात्रा शुरू करें, कोई गांव का ज्ञानी आपको ज्ञान देगा, ज्ञान की कमी है।



# फ़िल्म 'दत्तक पुत्र' का राम भजन 'फिर से आओ राम' रिलीज

**मुंबई/वार्ता**

यश कुमार और शुभी शर्मा के अभिनय सजी भोजपुरी फ़िल्म 'दत्तक पुत्र' का राम भजन 'फिर से आओ राम' रिलीज हो गया है। 'फिर से आओ राम' वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल से रिलीज किया गया है। इस गाने को पामेला जैन ने गाया है। इस भजन को लिखा यश के चौहान ने लिखा है और इसे मधुर संगीत से संगीतकार राम प्रवेश ठाकुर ने सजाया है। प्रमोद शास्त्री निर्देशित भोजपुरी फिल्म 'दत्तक पुत्र' प्रभु श्रीराम की नगरी अयोध्या की पृष्ठभूमि पर बनाई गई है। एबी5 मल्टीमीडिया बैनर के तले बनी फिल्म 'दत्तक पुत्र' के निर्माता विनोद कुमार गुप्ता हैं। निर्देशक प्रमोद शास्त्री हैं। पटकथा एवं संवाद एस.के. चौहान ने लिखा है। डीओपी जगमिंदर सिंह हुंदल (जग्गी), संगीतकार आज़ाद सिंह, राम प्रवेश ठाकुर, कोरियोग्राफर संजय कोर्वे, एक्शन मास्टर दिनेश यादव, आर्ट डायरेक्टर प्रमोद गुडयानी, एडीटर प्रकाश झा हैं। बैकग्राउंड म्यूजिक मनोज सिंह ने दिया है। इस फ़िल्म में यश कुमार,शुभी शर्मा ,विनोद मिश्रा, देव सिंह, शैलेन्द्र श्रीवास्तव, समर्थ चतुर्वेदी, मनीष चतुर्वेदी, राधे खान, ग्लोरी मोहन्ता, बबलू खान, शिवेश तिवारी, रुबेश यादव हैं। इस फ़िल्म का राइट्स वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स के पास है।



# अभिनेत्री राधिका आप्टे सहयात्रियों के साथ मुंबई एयरपोर्ट पर एयरोब्रिज में बंद

**मुंबई/एजेन्सी**

'अंधाधुन', 'बदलापुर', 'पार्च्ड' और अन्य फिल्मों के लिए मशहूर अभिनेत्री राधिका आप्टे की शनिवार की सुबह किसी अज्ञात स्थान के लिए उड़ान भरने से पहले ही काफी उथल-पुथल भरी रही। अभिनेत्री अन्य यात्रियों के साथ अपनी उड़ान के इंतजार में एयरोब्रिज में फंस गईं। शनिवार को, अभिनेत्री ने अपने इंस्टाग्राम पर छत्रपति शिवाजी महाराज अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर अपनी आपबीती दिखाती तस्वीरें साझा कीं।

उन्होंने कैप्शन में एक लंबा नोट लिखा और बताया कि इस घटना के पीछे क्या कारण था। उन्होंने लिखा: मुझे यह पोस्ट करना पड़ा! आज सुबह 8:30 बजे मेरी फ्लाइट थी। अब 10:50 हो गए हैं और फ्लाइट अभी भी नहीं उड़ी है। सभी यात्रियों को एयरोब्रिज में डाल दिया और उसे लॉक कर दिया! छोटे बच्चों, बुजुर्गों के साथ यात्री एक घंटे से अधिक समय से अंदर बंद हैं।

उन्होंने आगे उल्लेख किया: कर्मचारियों को कोई सुराग नहीं है! जाहिर तौर पर उनका दल सवार नहीं हुआ है।

चालक दल के पास मौका था और वे अभी भी नए दल की प्रतीक्षा कर रहे हैं, लेकिन उन्हें पता नहीं है कि वे कब आएंगे, इसलिए कोई नहीं जानता कि वे कितने समय तक अंदर बंद रहेंगे।

उन्होंने आगे कहा, मैं बाहर महिला स्टाफ से बात करने के लिए कुछ समय के लिए भागने में सफल रही, जो कहती रही कि कोई समस्या नहीं है और कोई देरी नहीं है, अब मैं अंदर बंद हूं और उन्होंने हमें बताया कि हम कम से कम 12 बजे तक यहां रहेंगे। सब बंद हैं। न पानी, न शौचालय। मज़ेदार यात्रा के लिए धन्यवाद।




# ओटीटी पर गूँजी 'टाइगर-3' की दहाड़

**मुंबई/एजेन्सी**

सलमान की फिल्म टाइगर 3 ने बॉक्स ऑफिस पर रिकॉर्ड सेट कर दिया है। जढ्ढ पर भी फिल्म हिट साबित हो रही है। 7 जनवरी को ग्लोबल स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम पर टाइगर 3 रिलीज होने के बाद से सोशल मीडिया इसका सेंसेशन बढ़ गया है। इस सक्सेस को देखते हुए सलमान ने मीडिया से अपनी खुशी व्यक्त की है।

सलमान ने कहा, 'टाइगर फ्रेंचाइजी को पहली फिल्म से ही जबरदस्त प्यार मिला है, चाहे वह थिएट्रिकल रूप से हो, सैटेलाइट पर या स्ट्रीमिंग पर! इसलिए, यह देखना आश्चर्यजनक लगता है कि टाइगर 3 की तीसरी किस्त पहले सिनेमाघरों में और अब स्ट्रीमिंग पर कैसे हिट रही है। मैं अपने सोशल मीडिया के माध्यम से अपने दर्शकों के साथ निकट संपर्क में हूं और अब टाइगर 3 ओटीटी पर आने के बाद मैं प्यार का प्रवाह देख सकता हूं। एक अभिनेता के रूप में मेरा सबसे बड़ा और एकमात्र काम लोगों का भरपूर मनोरंजन करना है और मुझे खुशी है कि टाइगर 3 को दुनिया भर के लोग पसंद कर रहे हैं।'

''टाइगर 3 एक ऐसी फिल्म है जो मेरे दिल के बहुत करीब है. इसलिए, जब यह सिनेमाघरों में हिट हुई तो यह बेहद व्यक्तिगत लगा और अब जब यह रिलीज होने के कुछ ही दिनों के भीतर ओटीटी पर हिट हो गयी है. टाइगर लोगों का मनोरंजन करने के लिए हमेशा मौजूद होगा. सलमान खान, कैटरीना कैफ और इमरान हाशमी अभिनीत वाईआरएफ की टाइगर 3 ने दुनिया भर में 472 करोड़ का कलेक्शन करके बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त धमाल मचाया




# प्रभास-स्टारर 'कल्कि 2898 एडी' 9 मई को होगी रिलीज

**मुंबई/एजेन्सी**

फिल्म निर्माता नाग अश्विन ने घोषणा की है कि प्रभास स्टारर अपकमिंग पौराणिक कथाओं से प्रेरित साइंस-फिक्शन फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' 9 मई को रिलीज होने के लिए तैयार है। इस फिल्म में अमिताभ बच्चन, कमल हासन, प्रभास, दीपिका पादुकोण और दिशा पटानी जैसे दिग्गज कलाकार शामिल हैं। फिल्म की रिलीज की तारीख 9 मई, 2024 घोषित की गई।

वैजयंती मूवीज के संस्थापक और निर्माता सी. अश्विनी दत्त ने रिलीज डेट की घोषणा पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा, 'वैजयंती मूवीज ने अपने 50वें वर्ष को चिह्नित किया है, हमारी सिनेमैटिक जर्नी में 9 मई का महत्व स्पष्ट है। आइकोनिक 'जगदेका वीरुडु अथिलोका सुंदरी' से लेकर अवॉर्ड-विनिंग 'महानती' और 'महर्षि' तक, इस डेट ने हमारी हिस्ट्री में अपनी जगह बनाई है।'

अब, अमिताभ बच्चन, प्रभास, कमल हासन और दीपिका पादुकोण जैसे प्रतिभाशाली कलाकारों की विशेषता वाली 'कल्कि 2898 एडी' की रिलीज हमारे लिए स्पेशल मोमेंट है और यह बैनर के 50वें वर्ष के मील के पत्थर के साथ संरेखित है, जिससे हम वैजयंती मूवीज में अपनी यात्रा जारी रखते हुए इसे और भी अधिक सार्थक बना रहे हैं।'

# अभिनेत्री की अश्लील तस्वीरें भेजने के आरोप में अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज

**मुंबई/भाषा**

सोशल मीडिया मंच इंस्टाग्राम और व्हाट्सऐप के माध्यम से एक अभिनेत्री की छेड़छाड़ करके बनायी गई अश्लील तस्वीरें उसके मित्रों और रिश्तेदारों को भेजने के आरोप में अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। एक पुलिस अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारी ने बताया कि अभिनेत्री द्वारा सोमवार को वर्सोवा पुलिस थाने से संपर्क किये जाने के बाद जांच शुरू की गई। उन्होंने कहा, एक पुरुष मित्र ने 27 दिसंबर को अभिनेत्री को ऐसी तस्वीरों के बारे में सूचित किया था। उन्होंने बताया कि ये तस्वीरें उन्हें किसी कुलदीप द्विवेदी के अकाउंट से भेजी गई थीं। सात जनवरी को, अभिनेत्री ने पुलिस के साइबर अपराध वेब पोर्टल पर एक ऑनलाइन शिकायत दर्ज करायी।'' उन्होंने कहा, ऐसी तस्वीरें आरोपी द्वारा उसके माता-पिता के साथ-साथ दोस्तों को भी भेजी गईं। भेजने वाले ने इन तस्वीरों को उसके रिश्तेदारों और दोस्तों को भेजते समय एक धमकी भरा संदेश भी जोड़ा था। अधिकारी ने कहा कि भारतीय दंड संहिता की धारा 506 और सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धाराओं 67, 67 (ए) के तहत एक मामला दर्ज किया गया है और आरोपियों को पकड़ने के प्रयास जारी हैं।

# अपने तय समय 15 अगस्त को ही प्रदर्शित होगी पुष्पा-2

**मुंबई/एजेन्सी**

वर्ष 2024 की बहुप्रतीक्षित और बहुप्रचारित फिल्म पुष्पा-2 का दर्शकों को बड़ी बेसब्री से इंतजार है। इस फिल्म को लेकर पिछले कुछ समय से यह कहा जा रहा था कि यह फिल्म अपने तय समय 15 अगस्त को प्रदर्शित नहीं होगी। हालांकि फिल्म निर्माताओं ने इन समाचारों को पूरी तरह से निराधार बताया है और कहा है कि फिल्म अपने तय समय पर ही प्रदर्शित होगी। फिल्म की शूटिंग फुल स्पीड से चल रही है।



पिंकविला की रिपोर्ट के मुताबिक, डायरेक्टर सुकुमार और अल्लू ने फैसला किया है मई 2024 तक शूटिंग खत्म करनी है। 100 दिनों का शूट अभी रहता है और टीम लगातार 5 महीने तक काम कर रही है ताकि फिल्म की शूटिंग जल्द खत्म हो। पुष्पा 2 के बाकी एक्टर्स ने भी अपनी सारी डेटस सुकुमार को दी हुई हैं ताकि पुष्पा 2 की रिलीज में देरी ना हो। फिल्म में जबरदस्त वीएफएक्स शॉट्स होंगे और काफी ड्रामा और एक्शन पुष्पा 2 में देखने को मिलेगा। पुष्पा 2 बड़े पर्दे पर 15 अगस्त को ही रिलीज होगी।

रोहित शेट्टी द्वारा डायरेक्टेड फिल्म सिंघम अगेन भी 15 अगस्त को रिलीज हो रही है। अब तक लग रहा था कि पुष्पा 2 के मेकर्स इस टक्कर से बचने के लिए फिल्म को बाद में रिलीज करेंगे, लेकिन लगता है उनका ऐसा कोई इरादा नहीं है। तो अब 15 अगस्त पर एक बड़ा क्लैश दर्शकों को देखने को मिलने वाला है। पुष्पा 2 और सिंघम अगेन की कड़ी टक्कर होगी। इस टक्कर में कौन बाजी मारेगा ये देखना दिलचस्प होगा। सिंघम अगेन की बात करें तो इस बार रोहित शेट्टी कई स्टार्स को साथ लेकर आए हैं। फिल्म में अजय देवगन, रणवीर सिंह, अक्षय कुमार, करीना कपूर खान, टाइगर श्रॉफ और दीपिका पादुकोण लीड रोल में हैं।

8
दक्षिण भारत राष्ट्रमत
www.dakshinbharat.com
epaper.dakshinbharat.com
बेंगलूरु | रविवार | 14-01-2024 /dakshinbharat /dakshinbharat
DAKSHIN BHARAT RASHTRAMAT HINDI DAILY
RNI No. 58061/93. Regn No.:
RNP/KA/BGS/2050/2018-2020
Posted at Bengaluru PSO
Mysore Road Bengaluru-560 026.

शहर के आचार्य तुलसी महाप्रज्ञ चेतना सेवा केंद्र में प्रेक्षा फाउंडेशन द्वारा आयोजित अष्ट दिवसीय आवासीय प्रेक्षाध्यान शुक्रवार को सम्पन्न हुआ। इस मौके पर जैन विश्व भारती के न्यासी प्रकाश लोढ़ा ने कहा कि प्रेक्षा ध्यान जैन विश्व भारती का एक बहुत ही महत्वपूर्ण अंग है।

# राजाजीनगर के स्वामीनारायण मंदिर के द्विदशाब्दी समारोह में आज से होंगे अनेक कार्यक्रम

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



बेंगलूरु। शहर के राजाजीनगर स्थित बीएपीएस स्वामीनारायण मंदिर की स्थापना के 20 वर्ष पूर्ण होने पर 14 से 23 जनवरी तक द्विदशाब्दी समारोह का आयोजन कोठारी स्वामी मंदिर मुम्बई के महंत सदगुरु भक्तिप्रिया स्वामीजी के सान्निध्य में मनाया जा रहा है। रविवार को शाम 4 बजे से पाटोत्सव महापूजा, शाम 5.45 बजे से झोली उत्सव का आयोजन होगा। 15 को सुबह 8.45 बजे से कार्यकर दिन, 16 को सुबह 8.45 बजे से छात्रालय दिन, 17 को सुबह 8.45 बजे से बालयुवा दिन होगा। 18, 19, 22 व 23 को संत पारायण कार्यक्रम यज्ञेश्वर स्वामीजी द्वारा होगा। 20 को सुबह 10 बजे से अक्षरधाम अतिथि निवास का उदघाटन होगा, दोपहर 3 बजे से ममहिला दिन व रात्रि 8.45 बजे से कीर्तन आराधना होगा। 21 को शाम 4 बजे शोभायात्रा तथा 5.30 बजे से स्वर्ण तुला कार्यक्रम होगा। 22 को सुबह 10 बजे से श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा, आनंदोत्सव सभा का आयोजन होगा। इसके अलावा रोजाना सुबह 7.45 बजे से कथा तथा सुबह 8.45 बजे से भक्तिप्रिय स्वामी जी द्वारा आशीर्वचन होंगे।

# श्याम मंदिर के 11वें वार्षिकोत्सव पर मंदिर में होगी फूलों की विशेष सजावट व श्रृंगार

## श्याम मन्दिर का वार्षिकोत्सव 18 को

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



बेंगलूरु। स्थानीय बन्नरघट्टा रोड पर श्याम मंदिर ट्रस्ट द्वारा संचालित खाटू श्याम मंदिर में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 18 जनवरी को मंदिर प्रतिष्ठा का 11वां वार्षिकोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर 18 जनवरी करा प्रातः 9 बजे चंद्रप्रकाश रामसिसरिया गौशाला से श्रद्धालु विशाल निशान यात्रा व शोभायात्रा के साथ रवाना होकर श्याम मंदिर पहुँच कर बाबा को निशान अर्पित करेंगे। उसी दिन दोपहर 3 बजे से मंदिर प्रांगण में भजन संध्या का आयोजन होगा जिसमें अहमदाबाद से आ रहे भजन गायक नंदू शर्मा व मुम्बई से आ रहे भजन गायक राजू खंडेलवाल भजनों की प्रस्तुति देकर बाबा श्याम को रिझाएंगे। इस वार्षिकोत्सव के लिए मंदिर के संस्थापक सदस्य विशेष तैयारियां की जा रही है। पूरे मंदिर परिसर को फूलों व रंगबिरंगी रोशनी से सजाया जा रहा है । बाबा श्याम की प्रतिमा का फूलों से अलौकिक श्रृंगार किया जाएगा। इसके अलावा अखंड ज्योत, मनमोहक श्रृंगार व छपन भोग मुख्य आकर्षण होगा। भक्तों की भीड़ को ध्यान में रखते हुए ट्रस्ट द्वारा श्याम मंदिर के आगे नेशनल पार्कके ग्राउंड में निशुल्क पार्किंग की व्यवस्था की जा रही है। वार्षिकोत्सव के आयोजन को लेकर श्याम भक्तों में उत्साह की लहर है।

# बन्नरघट्टा रोड पर सालासर बालाजी मंदिर का भूमिपूजन 26 को

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



बेंगलूरु। स्थानीय बन्नरघट्टा रोड स्थित रांका कालोनी में सालासर सेवा सामिति के तत्वावधान में सालासर बालाजी मंदिर के भूखंड पर सालासर बालाजी मंदिर निर्माण के लिए 26 जनवरी को प्रातः 9.30 बजे से भूमिपूजन सलारपुरिया बिल्डर के प्रबंध निदेशक बिजय अग्रवाल द्वारा किया जाएगा। भूमिपूजन के बाद संगीतमय सुंदरकांड का आयोजन किया गया है जिसकी तैयारियां जोरों से चल रही हैं। 22 जनवरी से विद्वान पंडितों द्वारा मन्दिर निर्माण स्थल पर पांच दिवसीय हवन किया जाएगा। समिति के संस्थापक सदस्य संजय शाह एवं मनित सोमानी ने जानकारी देते हुए बताया कि 22 जनवरी को अयोध्या में भगवान श्री राम के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के अवसर पर मंदिर भूखंड पर ही प्रातः 8 बजे से पूजन व अन्नदान का कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है और अयोध्या मंदिर प्रतिष्ठा का लाइव प्रसारण भी दिखाया जाएगा।

# गुरु राजेन्द्रसूरी की जयंती व स्वर्गारोहण दिवस पर पदयात्रा 16 को

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



हुब्बल्ली।अखिल भारतीय श्री राजेंद्र जैन नवयुवक परिषद हुब्बल्ली के तत्वावधान मे मंगलवार को गुरु राजेन्द्रसूरी के जयंती व स्वर्गारोहण दिवस के मौके पर पदयात्रा का आयोजन किया गया है।

परिषद के अध्यक्ष शैलेश जैन ने बताया की हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी गुरुदेव राजेंद्रसूरीश्वरजी की जयंती व स्वर्गारोहण दिवस के मौके पर यह यात्रा निकाली जाती है।

यात्रा शहर के कुबसद गली राजेंद्रसूरी मंदिर से प्रारम्भ होकर शांतिनाथ जिनालय,गब्बूर स्थित पार्श्वनाथ जिनालय जाएंगी । गुरुभक्त कुल 7 किलोमीटर की पैदल यात्रा करते हुए बुडरसिंघी मे विराजित दादा गुरुदेव की 14 फीट की ऊँची और 4 टन वजनी मूर्ति के दर्शन करेंगे। यात्रा संयोजक योगेश जैन ने बताया की इस यात्रा मे करीबन 400 यात्री भाग लेंगे।

डिजिटल रूप में भी पढ़ें दक्षिण भारत हिन्दी दैनिक
www.dakshinbharat.com



# जो है उसमें संतोष करें, जो नहीं है उसके पीछे न जाएं : साध्वी धैर्यश्री

बेंगलूरु/दक्षिण भारत। शहर के त्यागराजनगर के वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ में विराजित साध्वीश्री धैर्यश्री ने कहा कि आपको जो मिला है जो भी आपके पास में है उसकी कीमत करो, कद्र करो। जो नहीं मिला उसके पीछे मत दोड़ों, जो मिला है उसमें संतोष रखो आनंद करो। जीवन में अच्छा करना या बुरा करना है यह हमारे पर निर्भर है। निर्णय करने की शक्ति हमारे में है इसके द्वारा ही सारे संसार के कार्य चलते हैं, इन शक्तियों के हम मालिक हैं। साध्वीश्री आगमश्रीजी ने कहा कि हमारा जीवन त्यागमय है। जो एक नियम पूरी निष्ठा से लेता है उसका जीवन उन्नत होगा। महापुरुष हमारा जीवन उन्नत बनाने के लिए एक छोटा सा संकल्प हमको देते हैं, कुछ संकल्प को उसे नियम को किसके मुख से लेना है गुरु मुख से लिया हुआ त्याग हमारे जीवन में शांति लाता है। नियम के प्रति हमारी श्रद्धा–आस्था होनी चाहिए। साध्वीजी ने अलग–अलग माध्यम से समझाया कि हम भी एक छोटा सा त्याग हमारे अपने जीवन को सार्थक बना सकते हैं।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



## एक्युप्रेशर शिविर

मैसूरु के राजस्थान जैन महिला समाज के तत्वावधान में चार दिवसीय एक्युप्रेशर चिकित्सा शिविर सिद्धार्थ लेआउट के जैन भवन में शुरु हुआ। पहले दिन एक्युप्रेशर विशेषज्ञ रविन्द्र विश्नोई जयसिंह विष्णु के नेतृत्व में 110 सदस्यों ने जांच करवाई तथा एक्युप्रेशर चिकित्सा का लाभ लिया। कार्यक्रम में समाज की बदामी पालरेचा, बबीता पालरेचा, हुल्लासीबाई पालरेचा, भाग्यवंती चौहान, संगीता चौहान, संगीता चौहान, संगीता दुर्गाणी, कोमल जैन आदि ने शिविर में सेवा प्रदान की।

# जैन डेवलपमेंट फोरम की कार्यकारिणी बैठक सम्पन्न

बेंगलूरु/दक्षिण भारत। शहर के जैन डेवलपमेंट फोरम के कार्यकारिणी सदस्यों की बैठक अध्यक्ष बाबूभाई मेहता की अध्यक्षता में हुई। मेहता ने सभी का स्वागत किया।महामंत्री ललिता डाकलिया ने फोरम द्वारा पिछले दिनों किए गए कार्यक्रमों की जानकारी दी। उन्होंने आगामी लोकसभा के आम चुनावों में अधिक से अधिक मतदान करने हेतु वोटिंग कार्ड बनवाने तथा अल्पसंख्यक प्रमाणपत्र के आवेदन के लिए किए गए कार्यों की जानकारी दी तथा बताया कि इन कार्यों के लिए चेयरमैन इन्दरचन्द नाहर एवं कविता जैन का सहयोग रहा। कार्यक्रम संयोजक प्रशान्त सिंघी ने बताया कि फोरम और अन्तर्राष्ट्रीय वैश्य फेडरेशन के साथ मिलकर आगामी रविवार को अयोध्या में राम जन्मभूमि मन्दिर प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में सुन्दरकांड पाठ का आयोजन कर रहा है। बैठक में कांतिलाल जैन, सुनील लोढ़ा, दिनेश पोरवाड, अशोक बोहरा ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

# बेंगलूरु वापसी के साथ माहेश्वरी देवदर्शन यात्रा संपन्न

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



बेंगलूरु। स्थानीय माहेश्वरी सभा द्वारा आयोजित 64 सदस्यीय तीर्थ देवदर्शन यात्रा की सकुशल वापसी हुई। यात्रियों ने गंगासागर स्नान, बैधनाथ धाम ज्योतिर्लिंग का रुद्राभिषेक, बासुकीनाथ, जगन्नाथपुरी धाम, बैतरणी स्नान, कोणार्क सूर्य मंदिर के साथ अन्य दर्शनीय स्थलों का दौरा किया। इस यात्रा के संचालन व व्यवस्थाओं में सत्यनारायण मालानी की अहम् भूमिका के साथ निर्मलकुमार तापड़िया, नवलकिशोर मालू एंव विनीत बियानी का सहयोग रहा। यात्रा को मूर्तरूप देने में अध्यक्ष नवल किशोर मालू के नेतृत्व में विनीत बियानी, संजय साबू, अशोक भूतड़ा, कैलाश काबरा एवं अनिल बाहेती का सहयोग रहा। यह जानकारी सभा सचिव अजय राठी ने दी।

# ताइवान में नए राष्ट्रपति चुनाव के लिए मतदान संपन्न, चीन, अमेरिका की निगाहें टिकी

ताइपे/एपी

ताइवान में नए राष्ट्रपति और संसदीय चुनाव के लिए शनिवार को मतदान संपन्न हुआ। इस चुनाव के नतीजे अगले चार साल तक चीन के साथ उसके संबंधों की दिशा तय कर सकते हैं। इस चुनाव में चीन के तट से 160 किलोमीटर दूर स्थित इस द्वीप की शांति और स्थिरता दांव पर लगी है। चीन इस पर अपना दावा जताता है और जरूरत पड़ने पर बलपूर्वक इस पर नियंत्रण हासिल करने की बात कह चुका है। इसके अलावा चुनाव में अर्थव्यवस्था में गिरावट और महंगा आवास जैसे घरेलू मुद्दे भी हावी रहे। सत्तारूढ़ डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव पार्टी (डीपीपी) का प्रतिनिधित्व कर रहे उपराष्ट्रपति लाई चिंग–ते निवर्तमान राष्ट्रपति ताई इंग–वेन के खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं और स्वतंत्रता समर्थक पार्टी को अभूतपूर्व रूप से तीसरी बार जिताने की कोशिश में लगे हैं। लाई ने अपने गृह नगर तैनान में वोट डाला।

चीन समर्थक कुओमिंगतांग पार्टी के उम्मीदवार होऊ यू–इह ने न्यू ताइपे शहर में अपना वोट डाला। इसे नेशनलिस्ट पार्टी के नाम से भी जाना जाता है।

युवा मतदाताओं के बीच लोकप्रियता हासिल करने वाले ताइवान पीपुल्स पार्टी के उम्मीदवार को वेन–जे ताइपे में वोट डालेंगे। वे दो प्रमुख राजनीतिक दलों का विकल्प पेश कर रहे हैं।

मतदान स्थानीय समयानुसार शनिवार सुबह आठ बजे शुरू हुआ और करीब आठ घंटे बाद शाम चार बजे समाप्त हो गया। उम्मीदवारों ने शुक्रवार रात को अपना प्रचार अभियान पूरा किया।

तैनान में भाषण देते वक्त लाई ने बताया कि उन्होंने 1996 में पहले राष्ट्रपति चुनाव से पूर्व ताइवानी मतदाताओं को डराने–धमकाने के इरादे से चीन के मिसाइल परीक्षण और सैन्य अभ्यासों के कारण सर्जन के रूप में अपना करियर छोड़ दिया था।

## उत्सव



तेलंगाना की राज्यपाल डॉ. तमिलैसाई सौंदरराजन शनिवार को हैदराबाद के राजभवन में पोंगल/मकर संक्रांति उत्सव मनाती हुई।



# चेतना केन्द्र में आयोजित प्रेक्षाध्यान शिविर में 22 शिविरार्थियों ने लिया प्रशिक्षण

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के आचार्य तुलसी महाप्रज्ञ चेतना सेवा केंद्र में प्रेक्षा फाउंडेशन द्वारा आयोजित अष्ट दिवसीय आवासीय प्रेक्षाध्यान शुक्रवार को सम्पन्न हुआ। इस मौके पर जैन विश्व भारती के न्यासी प्रकाश लोढ़ा ने कहा कि प्रेक्षा ध्यान जैन विश्व भारती का एक बहुत ही महत्वपूर्ण अंग है।

जैन विश्व भारती की ओर से उन्होंने प्रेक्षाध्यान के प्रचार प्रसार में तथा इस तरह के शिविरों के आयोजन में पूर्ण रूप से सहयोग देने की बात कही। प्रेक्षा प्रशिक्षक दक्षिण संयोजिका एवं प्रेक्षा ध्यान शिविर संचालन समिति की संयोजिका वीणा बैद ने सभी का स्वागत करते हुए कहा कि हर शिविर में युवा शिवरार्थियों की बढ़ती हुई संख्या इस बात का स्पष्ट संकेत है कि युवा शक्ति में भी स्वास्थ्य के प्रति चेतन बढ़ रही है आज का युवा मानस शारीरिक स्वास्थ्य के साथ–साथ अपनी स्पिरिचुअल डेवलपमेंट की बात भी सोचता है जो कि देश के लिए शुभ भविष्य का संकेत है ।

दिल्ली से आए शिविर के प्रशिक्षक विमल जी गुनेचा व प्रशिक्षिका सविता ने सभी शिविरार्थियों को आगे भी प्रेक्षाध्यान को अपने जीवन मे नियमित रुप से अपनाने तथा निरन्तर आसन प्रणायाम, ध्यान, कायोत्सर्ग आदि के प्रयोग करते रहने की प्रेरणा दी। इस शिविर मे 22 शिविरार्थियों ने भाग लिया तथा सभी शिविथार्थियों ने अपने सुखद अनुभव साझा किये। तेरापंथ महिला मंडल विजयनगर की अध्यक्ष मंजु गादिया ने सभी शिविरार्थियों को शुभकामनाएं दी। सभी शिविरार्थियों को प्रेक्षा फाउंडेशन द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। सरिता जैन ने धन्यवाद दिया। कार्यक्रम कासंचालन प्रेक्षा प्रशिक्षक छत्रसिंह मालू तथा उर्मिला सुराणा ने किया ।

## मानव सेवा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



तेरापंथ युवक परिषद् राजराजेश्वरीनगर के सदस्यों ने केंगेरी स्थित गुरुकुल विद्यापीठ में निवासित 88 निराश्रितों हनुमानमल संजय बैद परिवार के सौजन्य से नाश्ता करवाया गया। परिषद अध्यक्ष विकास छाजेड़, सेवा कार्य प्रभारी हितेश बोथरा,उपाध्यक्ष सुपार्श पटावरी, कार्यसमिति सदस्य महेश मांडोत, संजय बैद, प्रभारी हितेश बोथरा ने सेवा कार्य किया।

# मनुष्य को ही प्रभु को प्राप्त करने का अधिकार है : आचार्य महेन्द्रसागरसूरी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

अरसीकेरे। यहां के वासुपुज्यस्वामी जैन श्वेताम्बर संघ में विराजित आचार्यश्री महेन्द्रसागरसूरीश्वरजी ने उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि भक्ति, प्रेम, स्नेह, खाना, पानी सभी जीवों को मिलता है परन्तु मनुष्य को एक विशेष अधिकार मिला है, वह है भगवान को पाने का, उसकी भक्ति करने का।

आज का मनुष्य अपने मन को प्रसन्न करने का प्रयत्न करता है, लेकिन अपनी मुक्ति के लिए प्रयास नहीं करता। मनुष्य को उसका पाप ही भगवान से दूर रखता है। जो मनुष्य सच्ची निष्ठा के साथ भगवान को प्रेम करता है उसके पूर्व जन्म के पाप नष्ट हो जाते है।

## प्रतियोगिता

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



मैसूरु के जीतो चैप्टर की लेडीज विंग द्वारा मकर संक्रांति के उपलक्ष्य में शनिवार को निशुल्क स्काई क्राफ्ट ड्रीम्स काइट मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया जिसमें 20 बालक बालिकाओं ने भाग लिया तथा अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। इस आयोजन का उद्घाटन जीतो मैसूरु चैप्टर के चेयरमैन कांतिलाल चौहान, केकेजी जोन संयोजक चन्द्रगुप्त कटारिया, लेडीज विंग के नवनियुक्त संयोजक विनोद बाकलीवाल, लेडीज विंग की नई चेयरपर्सन मोना भटेवरा, मुख्य सचिव रजनी डागलिया, संयोजिका सपना दक, कोषाध्यक्ष सरिता बागमार, यूथ विंग के उपाध्यक्ष सिद्धार्थ कटारिया ने किया।

Printed & Published by Devendra Sharma on behalf of owners M/s. New Media Company, 6/4 , Ist floor, Cantonment station road, Bengaluru-51 and printed at Dinasudar Printing Division, 116, Queens Road, Bengaluru-560052. **Editor-Shreekant Parashar**,
(*Responsible for selection of news under PRB Act.) Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.
HEAD OFFICE : DAKSHIN BHARAT RASHTRAMAT, New Media Company, 6/4, Cantonment Station Road, Bangalore 560051. Editorial : 080-25363030 / 9945488003. For Advertisement : 9945488002 - email : news@dakshinbharat.com